दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



लाला अमरनाथ की जिंदगी से प्रेरित कहानी पर बनेगी फिल्म

द पोर्टल ऑफ फोर्स में आएंगी नजर

वर्ष : 12 | अंक : 140 | लखनऊ, 12 मई, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### 16 जून से नोएडा से अकासा की उड़ानें शुरू

**नई दिल्ली।** अकासा एयर 16 जून से नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी।



अकासा एयर ने कहा कि वह 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे को बेंगलुरु और नवी मुंबई से जोड़ने वाली दैनिक उड़ानें शुरू करेगी। अकासा एयर का हवाई अड्डा परिसर के भीतर एक रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल केंद्र भी होगा।

### सीएम मान के भाई भाजपा में शामिल

**चंडीगढ़।** पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान के मौसेरे भाई ज्ञान सिंह मान ने भारतीय जनता पार्टी का



दामन थाम लिया है। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और पंजाब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में ज्ञान सिंह मान ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बलजिंदर सिंह वड़िंग ने भी भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया।

### जैकलीन की याचिका का ईडी ने विरोध किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए



के धनशोधन मामले में सरकारी गवाह बनने की अनुमति मांगने वाली अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की एक याचिका का विरोध किया है। ईडी ने अदालत से कहा कि उन्हें सुकेश के आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी थी।

### आईआईटी रुड़की के शोधार्थी का शव बरामद

**हरिद्वार।** भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की में शोध कर रहे नैनीताल के एक छात्र



का शव हरिद्वार में गंगनहर से बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि एक शव बरामद होने की सूचना मिली थी, जिसकी शिनाख्त आईआईटी रुड़की के शोधार्थी मोहित आर्य (40) के रूप में हुई।

## पीएम मोदी ने 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' में भाग लिया, विपक्षी दलों पर गरजे

# कुछ शक्तियां राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टिकरण को महत्व दे रहीं





राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

पीएम मोदी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण का भी विरोध किया गया, लेकिन अब देश विकास और विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। पिछले वर्षों में काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल महालोक, केदारनाथ धाम और अयोध्या में राम मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों का भव्य विकास हुआ है

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' में हिस्सा लिया। यह महोत्सव भगवान शिव को समर्पित 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया गया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि आज भी कुछ शक्तियां राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टिकरण को महत्व देती हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण का भी विरोध किया गया, लेकिन अब देश विकास और विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल महालोक, केदारनाथ धाम और अयोध्या में राम मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों का भव्य विकास हुआ है। ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर में आयोजित इन समारोहों में मंदिर के जीर्णोद्धार और 1951 में भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा किए गए इसके उद्घाटन को याद किया गया।

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद और सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति से हुआ पुनर्निर्माण

भारतीय परंपरा में शिव-शक्ति की आराधना साथ में होती



कलश स्थापना के समय पीएम मोदी सोमनाथ मंदिर के शिखर को प्रणाम करते हुए

**पुनर्निर्माण का नेहरू ने किया था विरोध**
नरेंद्र मोदी ने कहा कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार को लेकर राजनीति हुई। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद और सरदार पटेल ने मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए प्रयास किए, लेकिन उन्हें तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू के विरोध का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि मंदिर भारतीय समाज की आध्यात्मिक शक्ति हैं।

### दबाव में आए बिना किया परमाणु परीक्षण

पीएम मोदी ने 11 मई 1998 को हुए पोखरण परमाणु परीक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया की बड़ी शक्तियों के दबाव के बावजूद भारत ने अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में शिव और शक्ति की आराधना साथ-साथ चलती है।



### सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण में सरदार पटेल की दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। सरदार पटेल का सपना था कि सोमनाथ भारत की सभ्यतागत गौरवगाथा और आध्यात्मिक निरंतरता के प्रतीक के रूप में अपनी पूरी दिव्यता और भव्यता के साथ फिर से स्थापित हो। सरदार पटेल ने केवल देश के राजनीतिक एकीकरण में ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित करने में भी अहम योगदान दिया। सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के आत्मगौरव का प्रतीक बना।

### रोड शो में किया भव्य स्वागत



पीएम का स्वागत करने के लिए हेलीपैड से लेकर मंदिर के पास स्थित वीर हमीरजी सर्कल तक लगभग 1.5 किलोमीटर लंबे रास्ते पर हजारों लोग जमा हो गए। जब पीएम का काफिला उस इलाके से गुजरा, तो समर्थकों ने झंडे लहराए।

### 'कुंभाभिषेक' समारोह संपन्न



देशभर के 11 पवित्र तीर्थस्थलों से लाए गए पवित्र जल का उपयोग करके एक 'कुंभाभिषेक' समारोह संपन्न किया गया। पीएम को चांदी के कलश में यह जल सौंपा गया। वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिपूर्ण प्रार्थनाओं के बीच, औपचारिक रूप से ध्वजारोहण और पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान भी किए गए।

## सुवेंदु अधिकारी पीए हत्याकांड

# टोल पर यूपीआई पेमेंट करना बना गिरफ्तारी का अहम सुराग



चंद्रनाथ रथ

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल की एक अदालत ने सोमवार को चंद्रनाथ राय हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को 13 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। चंद्रनाथ रथ सीएम सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक थे। पुलिस ने इस हत्याकांड के सिलसिले में तीन आरोपियों मयंक राज मिश्रा, विक्की मौर्य और राज सिंह को गिरफ्तार किया था। इन सभी को सोमवार को अदालत में पेश किया गया था। चंद्रनाथ रथ हत्याकांड में पुलिस के हाथ एक महत्वपूर्ण सुराग लगा था। निवेदिता सेतु पर एक टोल प्लाजा पर किए गए यूपीआई भुगतान ने पुलिस को हत्या के तीन संदिग्धों तक पहुंचने में मदद की है। इन आरोपियों को उत्तर प्रदेश और बिहार से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि इस साजिश और हत्या में कम से कम आठ लोग शामिल थे।

### बलिया का राज सिंह गिरफ्तार

मामले में बंगाल पुलिस ने बलिया निवासी राज सिंह को रविवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अयोध्या से उस समय पकड़ा गया, जब वह लखनऊ में आयोजित एक शादी समारोह से लौट रहा था। सूत्रों के अनुसार, बंगाल पुलिस कई दिनों से राज सिंह की



गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। रविवार देर रात पुलिस टीम ने उसे अयोध्या में दबोच लिया और पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। आरोपी राज सिंह की मां जामवंती देवी ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि उनका बेटा निर्दोष है और घटना के समय उनके साथ था। जामवंती देवी ने बताया कि सात मई को वह अपने बेटे राज सिंह के साथ लखनऊ जा रही थीं। वहां से दोनों दर्शन के लिए अयोध्या भी गए थे। अगले दिन एसओजी टीम पहुंची और राज सिंह को हिरासत में ले लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी रात परिवार को यह नहीं बताया गया कि उनके बेटे के साथ क्या हुआ और उसे कहां रखा गया।

### दो संदिग्ध बिहार से गिरफ्तार

इस हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य के रूप में हुई है, जिन्हें बिहार के बक्सर से पकड़ा गया है। वहीं, तीसरा संदिग्ध राज सिंह यूपी के बलिया से हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों से पहले मध्यग्राम पुलिस स्टेशन में पूछताछ की गई, इसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

## बैरियर-लेस टोलिंग में बड़ा कदम

# दिल्ली को मिला देश का दूसरा बैरियर-मुक्त टोल, समय बचेगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गुजरात के बाद अब दिल्ली में देश का दूसरा बैरियर-लेस (बिना बैरियर



नितिन गडकरी

वाला) टोल शुरू हो गया है। केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली के अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो तकनीक से लैस टोल का उद्घाटन किया।

### पूरे देश में विस्तार की योजना

नितिन गडकरी ने बताया कि एनएचएआई ने पूरे देश में इस तकनीक को विस्तार देने का खाका तैयार किया है। सितंबर 2026 तक देश के 9 राज्यों (गुजरात, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और असम) के 17 टोल प्लाजा को बैरियर-मुक्त करने का लक्ष्य है। मार्च 2027 तक दूसरे चरण के तहत 108 से अधिक अतिरिक्त टोल प्लाजा इस सूची में जोड़े जाएंगे।

## पूर्व सीएम और उनके बेटे ने दी बधाई

# सीएम विजय ने तमिलनाडु के पूर्व सीएम से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने सोमवार को अपने पूर्ववर्ती एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन से यहां अलवरपेट स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सीएम विजय का गर्मजोशी से स्वागत किया। विजय के नेतृत्व वाली सरकार को 13 मई तक सदन में विश्वास मत हासिल करना है, उससे कुछ दिन पहले दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात हुई है। सूत्रों ने



सीएम विजय ने स्टालिन से की भेंट

बताया कि यह एक 'शिष्टाचार भेंट' थी। मुलाकात की तस्वीरों में विजय काले रंग के सूट पहले हुए, डीएमके प्रमुख का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। स्टालिन ने भी उसी अंदाज में उनका अभिवादन स्वीकार किया।

## केस से जुड़ी अलग-अलग अदालतों की जानकारी एक ही जगह मिलेगी

# सीजेआई ने लॉन्च किया 'वन केस वन डेटा सिस्टम', केस ट्रैकिंग प्रभावी होगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोमवार को दो बड़ी पहल की घोषणा की। सुप्रीम कोर्ट में दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सीजेआई ने बताया कि न्यायपालिका वन केस वन डेटा नामक नई डिजिटल पहल शुरू कर रही है। वन केस वन डेटा पहल के तहत देशभर के सभी हाईकोर्ट, जिला अदालतों और तालुका अदालतों की बहु-स्तरीय सूचनाओं को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। इस सिस्टम में किसी केस से जुड़ी अलग-अलग अदालतों की जानकारी एक ही जगह उपलब्ध होगी, जिससे केस ट्रैकिंग और प्रबंधन अधिक प्रभावी हो सकेगा।

### सु-सहायता चैटबॉट भी किया लॉन्च

सुप्रीम कोर्ट ने अपनी वेबसाइट पर सु सहायता नाम का एआई आधारित चैटबॉट लॉन्च किया है। यह चैटबॉट



नागरिकों और वादियों को सुप्रीम कोर्ट की सेवाओं तक आसान पहुंच उपलब्ध कराने के लिए विकसित किया गया है। इस चैटबॉट को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के सहयोग से तैयार किया है। सु सहायता उपयोगकर्ताओं को सुप्रीम कोर्ट से जुड़ी प्रक्रियाओं, जरूरी दिशा-निर्देशों, फाइलिंग सिस्टम, केस संबंधी जानकारी और अन्य सेवाओं तक सरल तरीके से पहुंचने में मदद करेगा।

## देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामला

# 5 लाख से लेकर 30 हजार रु. तक में बिका पेपर, अब तक 14 गिरफ्तारियां

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 को लेकर राजस्थान में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। परीक्षा में कथित गड़बड़ी, गेस पेपर और संभावित पेपर लीक की आशंका के बीच राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और एंटी टेरर स्क्वॉड (एटीएस) लगातार जांच में जुटी हैं। मामले में अब तक 14 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जबकि कई लोगों से पूछताछ जारी है। जांच के केंद्र में राजस्थान का सीकर जिला है, जहां परीक्षा से पहले छात्रों के बीच एक कथित 'गेस पेपर' वायरल हुआ था।

### दावा- केरल से आया था सैंपल पेपर



एआई इमेज

दावा किया गया है कि राजस्थान एसओजी की जांच में खुलासा हुआ है कि केरल से एक सैंपल पेपर सीकर आया था, जिसमें करीब 150 प्रश्न वही थे जो परीक्षा में पूछे गए। 1 मई को राकेश मंडारिया नाम के काउंसलर के पास केरल से यह लीक पेपर पहुंचा था।

**एनटीए का पेपर लीक से इनकार :** हालांकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने पेपर लीक से इनकार किया है। एनटीए के मुताबिक, प्रश्नपत्र जीपीएस ट्रैकिंग वाले वाहनों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाए गए थे। प्रश्नपत्रों पर यूनिक वॉटरमार्क लगाए गए थे। परीक्षा केंद्रों की निगरानी एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों से की।

## पीएम की अपील के बाद पेट्रोलियम मंत्रालय ने दिया स्पष्टीकरण

# पेट्रोल-डीजल का स्टॉक पर्याप्त, एलपीजी की सप्लाई जारी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत सरकार ने देशवासियों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील की है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ कहा कि वैश्विक ऊर्जा सप्लाई चेन पर असर पड़ा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। इसके बावजूद देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है। सरकार ने कहा कि जहां संभव हो वहां मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल किया जाए। लोग कारपूलिंग अपनाए।

सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रहीं

देश में कच्चे तेल का भंडार पर्याप्त मात्रा में मौजूद

### रोजमर्रा की जिंदगी में ऊर्जा बचाने की कोशिश करें



संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा कि अगर हर नागरिक रोजमर्रा की जिंदगी में ऊर्जा बचाने की कोशिश करेगा तो देश पर पड़ रहा आर्थिक दबाव कम हो सकेगा। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल का भंडार पर्याप्त मात्रा में मौजूद है और सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। देश के किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की स्थिति नहीं हैं।

### 3 दिनों में एलपीजी बिक्री 17 हजार टन से अधिक

घरेलू रसोई गैस की सप्लाई लगातार जारी है और पर्याप्त मात्रा में एलपीजी उपलब्ध है। पिछले तीन दिनों में 1 करोड़ 14 लाख बुकिंग के मुकाबले 1 करोड़ 26 लाख एलपीजी सिलेंडर घरों तक पहुंचाए गए हैं। कमर्शियल एलपीजी की बिक्री भी पिछले तीन दिनों में 17 हजार टन से अधिक रही है।

### एलपीजी डिलीवरी को लेकर अलर्ट

#### जालसाज ओटीपी और ऑथेंटिकेशन के जरिए कर रहे फ्रॉड

सरकारी तेल कंपनियों ने देश में बढ़ रहे एलपीजी डिलीवरी स्कैम को लेकर चेतावनी जारी की है और कहा है कि जालसाज गैस डिलीवर करने वाले वेंडर बनकर ओटीपी और डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के जरिए फ्रॉड कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर साइबर धोखाधड़ी के बारे में उपभोक्ताओं को आगह करते हुए कहा कि इस धोखाधड़ी में घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को फर्जी एसएमएस और व्हाट्सएप मैसेज के जरिए निशाना बनाया जा रहा है, जो डिलीवरी नोटिफिकेशन की नकल करते हैं।

# छात्र आत्महत्याएँ राष्ट्र के भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी : डॉ. राजेश्वर सिंह

## अंक नहीं, मानसिक संतुलन भी जरूरी — युवाओं के लिए संवेदनशील व्यवस्था बने : डॉ. राजेश्वर सिंह

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ ।सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़ों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2024 में देश में 14,488 २३४ील्ल३२ द्वारा आत्महत्या किया जाना केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लगभग 40 युवा जीवन से हार मान रहे हैं, जो समाज, शिक्षा व्यवस्था और पारिवारिक संरचना के सामने बड़े प्रश्न खड़े करता है। डॉ. सिंह ने कहा कि यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षणिक और सभ्यतागत संकट का संकेत है। आज पूरी दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और तीव्र प्रतिस्पर्धा के दौर से गुजर रही है, जहाँ सामाजिक माध्यमों ने तुलना और दबाव को लगातार बढ़ा दिया है। असफलता का भय, अकेलापन, मानसिक तनाव, इंटरनेट पर उत्पीड़न और अवास्तविक अपेक्षाएँ युवाओं को भीतर से कमजोर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि असफलताएँ जीवन का अंत नहीं होतीं। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने कहा था – 'सफलता अंतिम नहीं होती, असफलता घातक नहीं होती; आगे बढ़ते रहने का साहस ही सबसे महत्वपूर्ण होता है।' इसी प्रकार अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने जीवन में अनेक चुनावी



असफलताओं का सामना किया, लेकिन संघर्ष और धैर्य के बल पर वे विश्व इतिहास के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल हुए। डॉ. सिंह ने कहा कि महानता का मार्ग कभी सीधा नहीं होता और कठिन समय ही व्यक्ति को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया और फि नलैंड जैसे देशों ने समय रहते युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और संतुलित शिक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। भारत को भी केवल अंकों पर आधारित व्यवस्था से आगे बढ़कर रचनात्मकता, भावनात्मक संतुलन, जीवन कौशल और व्यक्तित्व विकास आधारित शिक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देनी होगी। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि समाज को सफलता की परिभाषा केवल अंक, वेतन और विदेश में प्रवेश तक सीमित नहीं करनी चाहिए। हर बच्चे की प्रतिभा अलग होती है और प्रत्येक युवा को तुलना और अपमान नहीं, बल्कि सम्मान, प्रोत्साहन और अवसर की आवश्यकता है। उन्होंने माता-पिता से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को केवल प्रदर्शन का दबाव नहीं, भावनात्मक सुरक्षा भी चाहिए। कई बार एक संवाद, एक भरोसा और सहयोगपूर्ण वातावरण किसी बच्चे को टूटने से बचा सकता है। बच्चों को यह महसूस होना चाहिए कि परिवार उनसे केवल सफलता के लिए नहीं, बल्कि उनके अस्तित्व के लिए प्रेम करता है। डॉ. सिंह ने शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि चरित्र, आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता का निर्माण भी होना चाहिए। विद्यालयों और महाविद्यालयों में परामर्श व्यवस्था, मार्गदर्शन कार्यक्रम, खेल, कला, वाद-विवाद, योग और ध्यान जैसी गतिविधियों को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि जीवन किसी एक परीक्षा, एक परिणाम या एक असफलता से कहीं बड़ा होता है। कठिन समय स्थायी नहीं होता और असफलता अंत नहीं होती। उन्होंने युवाओं से अपील की कि तनाव या निराशा की स्थिति में चुप न रहें, अपने परिवार, मित्रों या विशेषज्ञों से बात करें और जीवन के प्रति आशा बनाए रखें। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था, नवाचार, वैज्ञानिक नेतृत्व और वैश्विक प्रभाव की दिशा यही युवा तय करेंगे। यदि युवा मानसिक रूप से सशक्त, अनुशासित और दूरदर्शी बने, तो भारत 21वीं सदी का नेतृत्व कर सकता है।

# किसान पथ पर खड़ी डीसीएम से 25 बैट्री व 27 इनवर्टर चोरी

**अमन लेखनी समाचार**

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र में किसान पथ किनारे खड़ी डीसीएम से लाखों रुपये का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। चोर वाहन की रस्सी काटकर 25 बैट्री और 27 इनवर्टर पार कर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आजमगढ़ जनपद के अतरौलिया थाना क्षेत्र स्थित बूढ़नपुर निवासी शिवशंकर यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह फ्लाईंग गोल्डन ट्रांसपोर्ट कंपनी की डीसीएम गाड़ी संख्या वढ 54 ळ 3273 से बिजनौर वेयर हाउस, लखनऊ से रसड़ा और बलिया के लिए माल लेकर जा रहे थे। पीड़ित के मुताबिक, 5 मई की रात करीब 12:15 बजे किसान पथ पर ओमेक्स सिटी के पास ग्राम कल्ली पश्चिम क्षेत्र में उनकी तबीयत खराब हो गई। इस पर उन्होंने सड़क किनारे वाहन खड़ा कर आराम करना शुरू कर दिया। इसी दौरान उन्हें नींद आ गई। सुबह करीब तीन बजे जब उनकी आंख खुली तो देखा कि डीसीएम में बंधी रस्सी कटी हुई थी और उसमें रखा 25 बैट्री व 27 इनवर्टर गायब था। चोरी की जानकारी होते ही उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद पीड़ित को थाने जाकर लिखित शिकायत देने की सलाह दी। पीजीआई पुलिस के मुताबिक, तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# शराब न देने पर सेल्समैन की लोहे की रॉड से हत्या, आरोपी गिरफ्तार

## मलिहाबाद के ढेढेमऊ गांव की घटना, परिवार में मचा कोहराम

**बीच-बचाव करने पहुंचे युवक पर भी हमला, गंभीर घायल**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ढेढेमऊ गांव में सोमवार सुबह शराब को लेकर हुए विवाद में देशी शराब दुकान के सेल्समैन अजय जायसवाल उर्फ रिंकू (43) की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी गई। बीच-बचाव करने पहुंचे युवक रज्जन भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने करीब तीन घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक मलिहाबाद कस्बे के सैय्यदवाड़ा निवासी अजय उर्फ रिंकू जायसवाल ढेढेमऊ स्थित देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन थे और दुकान के साझेदारों में भी शामिल थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सोमवार सुबह करीब नौ बजे उसी गांव निवासी



मृतक अजय फाइल – फोटो



आरोपी नन्हक्के – फोटो

नन्हक्के कश्यप शराब लेने दुकान पर पहुंचा। अजय द्वारा शराब देने से मना करने पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि नन्हक्के अपने साथ लोहे की रॉड लेकर आया था। विवाद बढ़ने पर वह रॉड लेकर अजय के पीछे दौड़ा। करीब 25 मीटर दूर स्थित कम्पोजिट दुकान के पास उसने अजय के सिर पर हमला कर दिया। इस दौरान पुरवा गांव निवासी रज्जन बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे उसके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद आरोपी ने दोबारा अजय के सिर पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और फॉरेंसिक टीम की मदद से जांच शुरू की और कुछ ही घंटों में आरोपी नन्हक्के कश्यप को मलिहाबाद कस्बे के चौधराना मोहल्ले से गिरफ्तार कर लिया। मृतक की पत्नी हेमा की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बच्चों को देखकर हर आंख हुई नम

रिंकू की मौत की खबर मिलते ही उनकी पत्नी हेमा, बेटी खुशी, बेटा कृष्णा और छोटी बेटी पीहू मायके से वापस घर पहुंचे। घर पर शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी बार-बार बेसुध होकर यही कहती रही कि रिंकू ने किसी का क्या बिगाड़ा था। मासूम बच्चों की हालत देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

### तय समय से पहले और देर रात तक बिक रही शराब

घटना के बाद ग्रामीणों ने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों का आरोप है कि मलिहाबाद क्षेत्र के कई शराब ठेकों पर सुबह तड़के से देर रात तक खुलेआम शराब बेची जाती है। ढेढेमऊ स्थित कम्पोजिट शराब दुकान पर अवैध कैंटीन संचालन और ओवररेटिंग की भी शिकायतें सामने आई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मलिहाबाद चौराहा, बदौरा, खड़ौंहा, नबीनगर, महमूदनगर और कसमंडी कला, साहिलामऊ समेत कई स्थानों पर देशी शराब के पौव्वे 120 से 150 रुपये तक में बेचे जा रहे हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद आबकारी विभाग और पुलिस कार्रवाई नहीं करती, जिससे आए दिन विवाद और झगड़े होते रहते हैं।

# महाबली मेमोरियल इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

**85 प्रतिशत रहा विद्यालय का परीक्षा परिणाम, सफल विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर बढ़ाया उत्साह**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र स्थित महाबली मेमोरियल इंटर कॉलेज में सोमवार को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा ट्रॉफी भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामचंद्र कनौजिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और




निरंतर मेहनत के लिए प्रेरित किया। समारोह में विद्यालय की प्रबंधक पदमा देवी, प्रिंसिपल नीलम, एमडी दीपांशु रावत एवं ऋषभ सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे। विद्यालय के एमडी ऋषभ ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम करीब 85 प्रतिशत रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन बच्चों को बेहतर शिक्षा और उचित मार्गदर्शन देने के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि भविष्य में छात्र और बेहतर अंक प्राप्त कर सफलता हासिल करें। विद्यालय की छात्रा अन्यया यादव ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी सफलता का श्रेय अभिभावकों और शिक्षकों को दिया। वहीं छात्रा सोनम ने भी 85 प्रतिशत अंक हासिल किए और कहा कि नियमित पढ़ाई तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन से उन्हें यह सफलता मिली है। सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय परिसर तालियों की गूंज और विद्यार्थियों के उत्साह से सराबोर नजर आया।

# आईटी सिटी परियोजना पर संकट, मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी जमीनें निकलीं

## 100 करोड़ की जमीन पर ईडी कार्रवाई, आईटी सिटी योजना की रफ्तार पर असर

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर लगातार कानूनी और जांच एजेंसियों के पेंच फंसते नजर आ रहे हैं। आईआईएम रोड पर प्रबंध नगर योजना लंबे समय से विवादों में है। अब आईटी सिटी योजना भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई की जद में आ गई है। जबकि सुल्तानपुर रोड स्थित वेलनेस सिटी योजना में दिवंगत माफिया अतीक अहमद की 50 बीघा से अधिक जमीन का मामला सामने आने के बाद योजना आगे नहीं बढ़ पा रही है।

जानकारी के अनुसार आईटी सिटी योजना में करीब 100 करोड़ रुपये मूल्य की ऐसी जमीनें चिन्हित हुई हैं, जिन्हें कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए खरीदा गया था। इन जमीनों को ईडी ने पहले ही अटैच कर रखा है। ऐसे में अब एलडीए की इस महत्वाकांक्षी योजना की रफ्तार प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसियां जमीनों के स्वामित्व और खरीद-फरोख्त से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल कर रही हैं। इससे परियोजना के विकास कार्य और



आगे की प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है। एलडीए की आईटी सिटी योजना को राजधानी की बड़ी आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं में माना जाता है। ऐसे में जमीनों पर कानूनी विवाद और ईडी की कार्रवाई से निवेशकों और खरीदारों की चिंता भी बढ़ सकती है। हालांकि एलडीए अधिकारियों की ओर से मामले में विस्तृत टिप्पणी नहीं की गई है, लेकिन माना जा रहा है कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। बता दें कि सुल्तानपुर रोड पर एलडीए किसान पथ के किनारे करीब 1054 हेक्टेयर में आईटी सिटी योजना विकसित कर रहा है। जिसमें 11 गांव की शामिल है। यह लैंडपूलिंग के तहत लाई गई है। इसमें एलडीए योजना के लिए जमीन निःशुल्क ले रहा है और उसके बदले जमीन देने वालों को 25 प्रतिशत विकसित जमीन प्लॉट के रूप में दे रहा है। वहीं जो 10 एकड़ से अधिक जमीन दे रहे हैं उनको 50 प्रतिशत जमीन दी जा रही है। इस योजना में अभी तक करीब 300 हेक्टेयर जमीन ही लैंडपूलिंग के जरिए एलडीए भूस्वामियों से ले चुका है। ऐसे में करीब 750 हेक्टेयर जमीन एलडीए को नहीं मिल पाई है। योजना को आए एक साल हो गया है। ऐसे में अब बाकी जमीन को लेने के लिए अधिग्रहण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जांच के दौरान यह सामने आया है कि योजना में शामिल कई गांवों की जमीन को ईडी ने अटैच किया है। जानकारों ने बताया कि जो जमीनें अटैच हैं वह एक बिल्डर की हैं जो मनी लांड्रिंग के चलते अटैच की गईं। सूत्रो नें बताया कि यह जमीन रमेश कुमार नामक व्यक्ति के नाम से हैं और 2013 व उसके आसपास खरीदी गई हैं। ईडी की ओर कई रजिस्ट्री की जानकारी भी जिला प्रशासन व तहसील के अधिकारियों को भेजी गई है। हालांकि इस मामले में प्रथमेश कमार, उपाध्यक्ष एलडीए का कहना है कि जमीनों का अवार्ड होने पर ये मामले निस्तारित हो जाएंगे। इससे योजना पर कोई असर नहीं आएगा।

## सीतापुर रोड पर 900 एलआईजी/ईडब्ल्यूएस भवन बनायेगा एलडीए

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** लखनऊ में मध्यम और अल्प आय वर्ग को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एलडीए बड़ी पहल करने जा रहा है। इसके अंतर्गत एलडीए सीतापुर रोड पर लगभग 900 एलआईजी एवं ईडब्ल्यूएस भवन बनाएगा। जिनकी कीमत 15 लाख से 35 लाख रुपये तक होगी। इससे आम नागरिकों को शहर में आबादी के बीच इतनी प्राइम लोकेशन पर बेहतरीन आवासीय सुविधा मिल सकेगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस परियोजना पर मुहर लगा दी है। अब जल्द ही बहुमंजिला अपार्टमेंट के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया करायी जाएगी।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सीतापुर रोड पर शिया पीजी कॉलेज के पास कब्जामुक्त करायी गयी लगभग 16,000 वर्गमीटर जमीन पर यह ग्रुप हाउसिंग परियोजना विकसित की जाएगी। जिसके लिए विस्तृत कार्ययोजना व ले-आउट प्लान तैयार कराया गया है। उन्होंने बताया कि

- **शिया पीजी कॉलेज के पास 16,000 वर्गमीटर नजूल भूमि पर बनेंगे अपार्टमेंट**
- **50 से 38 वर्गमीटर के होंगे फ्लैट 15 से 35 लाख रुपये होगी कीमत**



यहां 582 एलआईजी व 336 ईडब्ल्यूएस श्रेणी के भवन निर्मित किये जाएंगे। एलआईजी भवन 02 बीएचके के होंगे, जिनका क्षेत्रफल लगभग 50 वर्गमीटर होगा। 02 बीएचके के भवन की कीमत लगभग 35 लाख रुपए होगी। वहीं, 01 बीएचके के ईडब्ल्यूएस भवन लगभग 38 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे, जिनकी कीमत लगभग 15 लाख रुपए रखी जाएगी। इससे मध्यम एवं अल्प आय वर्ग के परिवारों के लिए शहर में अपने आवास का सपना साकार हो सकेगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यह प्रोजेक्ट शिया पीजी कॉलेज के पास मुख्य सीतापुर रोड पर होगा, जिससे लोगों को राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही यह घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां स्कूल-कॉलेज, अस्पताल, मॉल, बाजार, रेलवे स्टेशन, सब्जी एवं फल मंडी आदि सभी सुविधाएं पहले से मौजूद हैं। इससे इस परियोजना की लोकेशन बेहद प्राइम होगी, जबकि भवनों की कीमत किफायती होगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि इस आवासीय परियोजना में सभी टावर आपस में इंटर कनेक्ट होंगे। जिससे लोगों को आवागमन में आसानी होगी। अपार्टमेंट्स में 08 पैसेंजर लिफ्ट और 03 सर्विस लिफ्ट का प्रावधान किया जाएगा। योजना में 600 से अधिक वाहनों के लिए बेसमेंट व स्टिल्ट पार्किंग की व्यवस्था होगी। इसके अलावा लगभग 3,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पार्क एवं ग्रीन एरिया विकसित किया जाएगा।

# केजीएमयू ओपीडी ब्लॉक में लिफ्ट बिगड़ी, मरीज परेशान

**अमन लेखनी समाचार**

- **कई लिफ्ट धीमी गति से चलती तो कुछ में बीच में रुकने की शिकायत**

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ओपीडी ब्लॉक में सोमवार को लिफ्ट खराब हो गयी है, इससे मरीजों, डाक्टरों और कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति और भी कठिन है। लिफ्टों की नियमित मरम्मत न होने से समस्या बढ़ती जा रही है।

केजीएमयू में बहुमंजिला ओपीडी भवन में लिफ्ट खराब होने से बुजुर्ग, गंभीर मरीजों और दिव्यांगों की मुश्किलें सबसे ज्यादा बढ़ गई हैं। ओपीडी ब्लाक में कुल छह लिफ्ट हैं, जिनके सहारे प्रतिदिन आने वाले सात से आठ हजार मरीजों की आवाजाही होती है। लगातार बढ़ते दबाव के बावजूद लिफ्टों की नियमित मरम्मत और रखरखाव को लेकर जिम्मेदार विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा। आए दिन किसी न किसी लिफ्ट में खराबी बनी रहती है। मरीजों का कहना है कि कई बार लंबा इंतजार करने के बाद भी लिफ्ट नहीं मिलती। मजबूरी में मरीजों और तीमारदारों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ता है। सबसे ज्यादा दिक्कत उन मरीजों को हो रही है जो व्हीलचेयर, स्ट्रेचर या सहारे से चलते हैं। एक लिफ्ट बंद होने से बाकी लिफ्टों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है, जिससे उनमें भी तकनीकी समस्या आने का खतरा बना रहता है। केजीएमयू में कुल 131 लिफ्ट संचालित हैं, इनमें कई लिफ्ट बेहद धीमी गति से चल रही हैं, जबकि कुछ बीच-बीच में रुकने की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं।

अधिकांश लिफ्टों में लिफ्टमैन भी नजर नहीं आते। अक्सर लिफ्ट में अलार्म इमरजेंसी में नहीं बजते हैं। ऐसे में किसी तकनीकी खराबी या आपात स्थिति में मरीजों और तीमारदारों को स्थिति संभालनी पड़ती है। डाक्टरों और कर्मचारियों भी बताते हैं कि ओपीडी में मरीजों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में लिफ्टों का सुचारु संचालन बेहद जरूरी है। उन्होंने खराब लिफ्टों की तत्काल मरम्मत और नियमित मॉनिटरिंग की मांग की है, ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

# पीएम आवास योजना में 63,433 नये आवासों की डीपीआर स्वीकृति

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी गोयल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय स्वीकृत एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) घटक के अन्तर्गत 55 जनपदों के 225 नगर निकायों के लिए कुल 63,433 नए आवासों की डीपीआर को स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया है कि भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) घटक के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं को समय से पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) घटक की 12 परियोजनाओं में केन्द्रांश की आगामी किश्त प्राप्त करने हेतु थर्ड पार्टी क्वालिटी मॉनिटरिंग रिपोर्ट के सापेक्ष तैयार की गई ए०टी०आर० पर स्वीकृति प्रदान की गई।

# एलडीए की योजनाओं में आवंटित संपत्तियों का होगा सत्यापन

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर की सभी आवंटित आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों का डोर-टु-डोर सत्यापन शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत एलडीए की टीमें घर-घर जाकर संपत्तियों का भौतिक निरीक्षण करेंगी और मालिकाना रिकॉर्ड अपडेट करेंगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण की फाइलों के डिजिटाइजेशन के दौरान कई संपत्तियों का रिकॉर्ड अधूरा या उपलब्ध नहीं मिला। इससे न सिर्फ प्राधिकरण के काम प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि फर्जीवाड़े की आशंका भी बनी रहती है। इसी को देखते हुए सभी योजनाओं में व्यापक सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे का जिम्मा पीसीएस मैनेजमेंट कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। संस्था के कर्मचारी घर-घर जाकर संपत्तियों का सत्यापन करेंगे। एलडीए की ओर से उन्हें आईडी कार्ड जारी किए जाएंगे, ताकि लोग उनकी पहचान सुनिश्चित कर सकें।

# महापौर ने आवास और सड़क निर्माण कार्यों में तेजी के दिए निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ स्मार्ट सिटी कार्यालय में डूडा विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, श्री पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम एवं परियोजना अधिकारी डूडा चंद्रकांत त्रिपाठी सहित डूडा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान महापौर ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य शहरी आवास योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इसके साथ ही बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की भी समीक्षा की गई। महापौर ने डूडा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी परियोजनाओं को पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कें और मूलभूत सुविधाएं नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने भी अधिकारियों को विभागीय कार्यों में समन्वय बनाकर योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, जिससे शहरवासियों को सीधा लाभ मिल सके। बैठक के अंत में महापौर ने अधिकारियों को जनहित से जुड़े सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा समस्याओं के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कायस्थ समाज ने विधानसभा के प्रत्याशी किये घोषित

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों में कायस्थ समाज ने लखनऊ में पांच प्रत्याशियों की घोषणा की। कायस्थ समाज द्वारा वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में कायस्थ समाज की भूमिका व कायस्थ मांगे अपना अधिकार विषय पर महात्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष शेखर कुमार ने 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों में लखनऊ की सभी विधानसभा क्षेत्रों से सक्षम कर्मठ कायस्थ प्रत्याशियों को उतारने की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरूआत में शेखर कुमार ने एक लाइन का प्रस्ताव सभी विधानसभा से प्रत्याशियों का चयन रखते हुए सभी को सकारात्मक चर्चा में भाग लेने का आग्रह किया। सभी ने प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार करते हुए सभी विधानसभा के सशक्त उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया पर लखनऊ की सभी विधानसभा से आए हुए प्रमुख जन व लखनऊ की समस्त कायस्थ समितियों/संगठनों के प्रतिनिधियों के विचार आए और सभी ने एकमत से प्रदेश अध्यक्ष शेखर कुमार को अंतिम निर्णय लेने का अधिकार देते हुए कायस्थ पाठशाला के लखनऊ के मेम्बर इंचार्ज व कायस्थ समाज के विभिन्न संगठनों कार्य करने का अनुभव रखने वाले आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव को मध्य विधानसभा, चित्रांश एवं लोक सेवा समाज, केसरिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कृष्ण श्रीवास्तव को उत्तरी विधानसभा, पूर्व में कैन्ट विधानसभा से चुनाव लड़ चुके व ब्राइट वे कान्वेंट कालेज के प्रबंधक अविनाश श्रीवास्तव को कैंट विधानसभा से, वरिष्ठ व्यापारी नेता व कायस्थ समाज के विभिन्न संगठनों में कर्मठता से अपनी पहचान बनाने वाले सुशील कुमार श्रीवास्तव को पश्चिमी विधानसभा, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष व संगत पंगत के सह प्रमुख ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव को सरोजनी नगर का करतल ध्वनियों के साथ शेखर कुमार ने सबकी सहमति पर अपनी मुहर लगाते हुए घोषणा की।

## संक्षेप

### सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के बिरवार-जमीपुर गाँव के शीतला माता मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 12 मई से किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक संतोष शुक्ला ने बताया 12 मई से 18 मई तक आयोजित इस कथा कार्यक्रम में 12 मई को कलश यात्रा, 17 मई को मनोज दुबे पंडित जी एवं टीम द्वारा भजन संध्या, 18 मई को संगीतमय सुंदरकांड कथा पंडित उत्कर्ष जी द्वारा व 19 मई को हवन के साथ विशाल भंडारा होगा। जिला सागर मध्य प्रदेश से आ रहे प० श्री राजेश रत्न के मुखारबिंदु से श्रोता सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में आध्यात्मिक, भक्ति, आत्मिक शक्ति का अनुभव प्राप्त करेंगे। कथा श्रवण में परीक्षित की भूमिका में संतोष शुक्ला के पिता राजकुमार शुक्ल व उनकी धर्मपत्नी श्यामा देवी रहेंगी।

### लकड़ी के बोटे की चपेट से मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के पश्चिम बाईपास मार्ग स्थित एक आरा मशीन पर रविवार शाम एक मजदूर की लकड़ी के बोटे की चपेट में आने से मौत हो गई। हाईड्रा से लकड़ी का बोटा ले जाते समय यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान गंजमुरादाबाद स्थित मोहल्ला लुधियाना निवासी 35 वर्षीय नंदू पुत्र अशोक के रूप में हुई है। वह आरा मशीन पर लकड़ी कटवाने का काम करता था। रविवार शाम लगभग आठ बजे वह हाईड्रा की मदद से लकड़ी का एक भारी बोटा आरा मशीन पर ले जा रहा था।इसी दौरान हाईड्रा का पटा अचानक टूट गया, जिससे लकड़ी का बोटा सीधे नंदू के ऊपर गिर गया। गंभीर रूप से घायल नंदू को उसके साथी रेहान ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने नंदू को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां शव देखकर उनमें कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी साधना और एक पुत्र को छोड़ गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ओवरलोड डंपरों से गौचरा-छेदी पुरवा सड़क जर्जर

**तेज रफ्तार वाहनों से नई सड़क बदहाल, ग्रामीण परेशान, आए दिन हादसे**

रायबरेली , सदर तहसील क्षेत्र के राही विकासखंड अंतर्गत गौचरा ग्राम से छेदी का पुरवा तक जाने वाली सड़क पर तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। इन भारी वाहनों के कारण क्षेत्र में आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है और ग्रामीणों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि डंपर चालक अत्यधिक गति से वाहन चलाते हैं, जिससे सड़क पर चलने वाले अन्य वाहन चालकों और राहगीरों की जान जोखिम में पड़ जाती है। कई बार बड़े हादसे होते-होते बचे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है ।

# बदलते मौसम की मार, जिला अस्पताल में हाहाकार! ओपीडी में उमड़ा 1100 मरीजों का सैलाब

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद में कुदरत के बदलते मिजाज ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करना शुरू कर दिया है। गर्मी और उमस के बीच बदलते मौसम का सबसे ज्यादा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल के गलियारों में जो मंजर दिखा, वह डराने वाला था। अस्पताल की ओपीडी में मानों मरीजों का सैलाब उमड़ पड़ा हो।

### 1100 से अधिक पंजीकरण, पर्चा काउंटर पर मची अफरा-तफरी

सुबह जैसे ही अस्पताल के द्वार खुले, तीमारदारों और मरीजों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। जानकारी के मुताबिक, 24 घंटे के भीतर 1100 से अधिक नए मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया। भीड़ का आलम यह था कि पर्चा बनवाने के लिए भी लोगों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। बुखार, जुकाम, बदन दर्द और डायरिया की शिकायतों के साथ पहुंचे मरीजों से पूरा परिसर अटा पड़ा रहा।

### इमरजेंसी वार्ड में भी अलर्ट, 20 गंभीर मरीज भर्ती

सिर्फ ओपीडी ही नहीं, बल्कि इमरजेंसी वार्ड में भी दबाव साफ दिखाई दिया। बीते 24 घंटों में 20 से अधिक मरीजों को गंभीर हालत में इमरजेंसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मोर्चा संभालते हुए तत्काल उपचार शुरू किया। वहीं, एक्सरे और खून की जांच के लिए भी मरीजों को लंबी प्रतीक्षा सूची का सामना करना पड़ा।

अस्पताल में तैनात डॉ. कौशलेंद्र सिंह, डॉ. शोभित अग्निहोत्री और डॉ. अमित कुमार ने मोर्चा संभालते हुए मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों का कहना है कि: तेजी से बदल रहा मौसम वायरल संक्रमण के लिए जिम्मेदार है।

बच्चों और बुजुर्गों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण वे जल्दी इसकी चपेट में आ रहे हैं।

### साफ-सफाई की कमी और दूषित खान-पान स्थिति को और बिगाड़ रहा है।

बढ़ती भीड़ को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की है। प्रशासन का मानना है कि आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ सकती है, जिसके लिए सभी विभागों को 'हाई अलर्ट' पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। बदलते मौसम में खुद का ख्याल रखें। उबला हुआ पानी पिएं, ताजा भोजन करें और बुखार होने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में संपर्क करें। लापरवाही भारी पड़ सकती है!

# डीएम की नई पहल जन-संवाद से समाधान बनी फरियादियों की उम्मीद, 15 दिन में 594 में 387 शिकायतों का निस्तारण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अभिनव पहल जन-संवाद से समाधान आम जनता के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। शासन द्वारा निर्धारित जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी स्वयं कलेक्ट्रेट में बैठकर दूर-दराज से आने वाले फरियादियों की शिकायतें सुन रहे हैं और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबंधित अधिकारियों को जोड़कर मौके पर ही समस्याओं का समाधान करा रहे हैं। इस अनोखी व्यवस्था में जिलाधिकारी अपने कार्यालय में लैपटॉप के माध्यम से उप जिलाधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों से सीधा संवाद करते हैं। शिकायतकर्ता की मौजूदगी में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं, जिससे शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-संवाद से समाधान कार्यक्रम प्रशासन और आम जनता के बीच सीधे संवाद का मजबूत माध्यम बना है। इससे न केवल शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति लोगों का भरोसा भी लगातार बढ़ रहा है। बताया गया कि 22 अप्रैल 2026 को कार्यभार ग्रहण करने के बाद मात्र 15 कार्यालय दिवसों में कुल 594 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 387 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। इनमें राजस्व, पुलिस, विकास, पेंशन समेत विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें शामिल हैं। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं, जिनमें अवैध कब्जा, पैमाइश, अतिक्रमण और चकरोड विवाद प्रमुख रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष शिकायतों का भी समयबद्ध, संवेदनशील और पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने साफ कहा कि फरियादियों की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# छत से नीचे गिरकर अधेड़ की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चिलोला गांव में शनिवार देर रात घर की छत से गिरकर एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, चिलोला गांव निवासी 46 वर्षीय राजेश पुत्र स्वर्गीय रूद्र गर्मी के चलते शनिवार रात अपने घर की छत पर सो रहे थे। परिजनों ने बताया कि छत पर मुंडेर नहीं बनी थी। देर रात नींद में संतुलन बिगड़ने से वह छत से नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

सोमवार सुबह घटना की सूचना अजगैन कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्व गणना अभियान को सफल बनाने हेतु शिक्षक कर रहे अनोखे प्रयास

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र में जनगणना-2027 के पहले चरण के तहत 'स्व-गणना' अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षकों द्वारा कई नवाचारी और अनोखे प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और अभिभावकों को डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने के लिए प्रेरित करना है

कम्पोजिट स्कूल रनियाँमऊ में शिक्षक अमित तिवारी द्वारा अनोखे प्रयोग के तहत स्कूल में सक्रिय विद्यार्थियों को 'जनगणना ब्रांड एंबेसडर' नियुक्त किया गया।छात्रों को ग्रामीणों को डिजिटल जनगणना की बारीकियों और ऑनलाइन प्रक्रिया के तैतीस महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गयाेशिक्षकों ने छात्रों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया ताकि वे अपने परिवारों और पड़ोसियों की स्व-गणना करने में मदद कर सकें।जनगणना ब्रांड एंबेसडर सर्वसम्मति से कक्षा आठ के कान्हा व प्रिंस, कक्षा सात के दुर्गेश, अंबिका व लक्ष्मी तथा कक्षा छह के सत्यम को नियुक्त किया गय बता दें इस बार जनगणना में भारी-भरकम कागजी रजिस्टरों के बजाय मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग किया जा रहाहै। इससे डेटा प्रविष्टि में लगने वाला समय तीस से चालीस मिनट से घटकर लगभग बीस मिनट रह गया है। इस दौरान अमित तिवारी, राजेश वर्मा, देवेन्द्र त्रिपाठी, अनूप साहू, संतोषी देवी, किरण देवी, राधा देवी, हेमामालिनी, सुदेवी आदि मौजूद रहें

# एसएसपी ने पुलिस कार्यालय की सभी शाखाओं का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय उन्नाव की विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईजीआरएस शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, आंकिक शाखा समेत सभी कार्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसएसपी ने परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव और रजिस्टरों के अद्यतन अभिलेखन की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान कई आवश्यक बिंदुओं पर अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में रिकॉर्ड का बेहतर रख-रखाव और शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान शाखाओं में उपलब्ध व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी शैलेन्द्र लाल भी मौजूद रहे।

# मदर्स डे पर 'ऊंची उड़ान' संगोष्ठी में बालिका शिक्षा पर दिया जोर

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खड़वल के प्रांगण में सोमवार को 'मदर्स डे' के उपलक्ष्य में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'ऊंची उड़ान' शीर्षक के तहत एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक तैमूर आलम ने की। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती दीप शिखा ने अभिभावकों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की बालिका ही भविष्य की माता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि हमें परिवार का भविष्य उज्ज्वल बनाना है, तो बेटियों को शिक्षित करना अनिवार्य है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तैमूर आलम ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के कंधों पर सिर्फ एक परिवार की ही जिम्मेदारी नहीं होती, बल्कि पूरे समाज की व्यवस्था उन पर निर्भर करती है। वहीं, एआरपी डॉ. अन्जू रंजना तथा डॉ. पूनम ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विद्यालय में अधिक से अधिक बालिकाओं के नामांकन पर बल दिया।

**इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति:**

'ऊंची उड़ान' संगोष्ठी का सफल आयोजन मोनिका यादव एवं आकांक्षा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती माधुरी देवी, रज्जन लाल, गिरजा शंकर विकास, नफीस, शरीफ, डॉ. मनोज, सीता देवी, ममता द्विवेदी, रामदेवी, ऊषा, विन्देश्वरी, प्रियंका, रामरती, पूनम, निर्मला, हर्षिता समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग हजारों का सामान जलकर राख



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के निहालीखेडा गाँव मे विधुत स्पार्किंग से लगी आग से एक ट्यूबेल में रखी सामान सहित तार केबल जल गए। पीड़ित अरविंद सिंह पुत्र उदयराज के अनुसार सोमवार दोपहर 11 बजे उनके खेत के पास रखे ट्रांसफार्मर के शार्ट सर्किट की वजह से उनके बोर में भीषण आग लग गयी जिससे पानी की सप्लाई हेतु रखी 50 प्लास्टिक की पाइप जल कर राख हो गई साथ ट्यूबवेल में रखें कुर्सी, तख्त, कैम्पर आदि भी जल गए। सूचना पर पहुँचे ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। पड़ोसी संजू सिंह के खेतों में आग ने नुकसान पहुचाया है। देर शाम तक क्षेत्रीय लेखपाल राकेश कुमार मौके पर नुकसान का आकलन करने नही पहुँच सके थे।

# दंपति की मौत पर समाज सेवियों ने बच्चों को दी आर्थिक मदद

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। विकास खण्ड क्षेत्र के परसंडा प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत रसोइया सुर्ज कुमारी का कुछ दिन पूर्व निधन हो गया था। उनके पति का भी तीन दिन पूर्व देहांत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक के तीन पुत्रियां व एक पुत्र है जिसमें केवल एक बड़ी पुत्री का ही विवाह हो सका इस हृदयविदारक घटना से शिक्षा विभाग के शिक्षक एवं कर्मचारी अत्यंत मर्माहित दिखाई दिए। इसी क्रम में उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ बीघापुर के तत्वावधान में एक वृहद शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। पूर्व निर्धारित परंपरा का निर्वहन करते हुए बीघापुर बेसिक शिक्षा परिवार की ओर से समस्त शिक्षकों के सहयोग से लगभग 58 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिवंगत सुर्ज कुमारी के पुत्र एवं पुत्री को प्रदान की गई। शिक्षकों ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा शिक्षा परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। शोक सभा में प्रमुख रूप से विश्वनाथ सिंह, जयशंकर सिंह, शिव प्रसाद मिश्र, राज किशोर, देवांक कटियार, ओम प्रकाश सिंह, राजेंद्र बाबू, अमर सिंह, सुरेंद्र कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार, प्रभाकर दीक्षित, प्रीति वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, पति समेत पांच पर हत्या का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव बाबूखेड़ा मजरे मगरायर में रविवार रात एक 35 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने पति, उसकी तीन बहनों तथा गांव की एक महिला पर मिलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिहार थाना क्षेत्र के गांव जगतखेड़ा निवासी कंधई लोधी ने बीघापुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी पुत्री आरती का विवाह करीब 18 वर्ष पूर्व बाबूखेड़ा निवासी गंगादीन लोधी के साथ किया था। शादी के बाद से दंपती की कोई संतान नहीं हुई। पिता का आरोप है कि गंगादीन के गांव की ही एक महिला संतोषी से अवैध संबंध थे, जिसको लेकर वह आरती को अक्सर प्रताड़ित करता था। आरोप है कि रविवार रात गंगादीन, उसकी तीन बहनों और संतोषी ने मिलकर आरती को जहरीला पदार्थ खिलाया तथा मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। सोमवार सुबह करीब पांच बजे फोन के माध्यम से आरती की मौत की सूचना मायके पक्ष को दी गई। मामले में पुलिस ने पति गंगादीन, उसकी बहनों तथा महिला संतोषी समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने नामजद महिला संतोषी को हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राजपाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों द्वारा दबिश दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। वहीं सूत्रों के अनुसार पति-पत्नी के बीच रविवार रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। चर्चा है कि इसके बाद आरती ने घर में रखी बालों में लगाने वाली डाई का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पति उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गया, जहां से चिकित्सकों ने दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों में यह चर्चा भी है कि पति गंगादीन मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था और करीब एक माह पहले ही गांव आया था। गांव में दबी जुबान यह भी चर्चा है कि पति के साथ-साथ मृतका के भी गांव के ही एक व्यक्ति से संबंधों को लेकर पूर्व में पंचायत हो चुकी थी। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। मृतका की भाभी सुनीता ने आरोप लगाया कि पुलिस ने मायके पक्ष के पूरी तरह पहुंचने से पहले ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि मृतका के पिता सहित कुछ परिजन मौके पर मौजूद थे।

# वर्षों से ठप पड़ी पेयजल की टंकी ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज विकास खंड सिकंदरपुर कर्ण के ग्राम बेथर में बनी पेयजल टंकी से आधा दर्जन गांव को होने वाली जलापूर्ति डेढ़ वर्षों से ठप्प है। जिससे मई जून की चिलचिलाती धूप में 20 हजार की आबादी भीषण पेयजल संकट से गुजर रही है।उपभोक्ताओं द्वारा जिलाधिकारी से लेकर जेलनिगम अभियंता तक शिकायत की लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है।ग्राम पंचायत बेथर में निर्मित पेयजल टंकी से बेथर, पचोंडडा, सराय, मवैया, भैंसई, नौबस्ता, गौरी त्रिभानपुर आदि गांवों को जलापूर्ति होती रही है लेकिन डेढ़ वर्ष पूर्व हर घर जल योजना के तहत गांवों में पाइप लाइनों को बिछाए जाने के दौरान जल निगम द्वारा पहले से डाली गई भूमिगत पाइप लाइनों को तोड़ डाला गया।जिससे टंकी का पानी गांवों तक जाने में बाधित हो गया।ग्रामीणों को पानी न मिलने पर बेथर के पूर्व प्रधान सिद्धार्थ तिवारी ने 23 दिसंबर 24 को एक शिकायती पत्र तत्कालीन जिलाधिकारी एवं जलनिगम के अधिशाषी अभियंता को देकर समस्या से अवगत कराया।जिलाधिकारी के आदेश पर जेई और हर घर जल योजना के तहत काम करवा रहे ठेकेदार मौके पर पहुंच अतिशीघ्र टूटी पाइप लाइनों को ठीक करवाने का आश्वासन देकर चले गए थे ग्रामीण रजनीकांत, संजय, शैलू शुक्ला, राजेश, महेश बताते है तब से अब तक लगभग दो वर्ष बीतने वाले है लेकिन लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है।इससे आधा दर्जन गांवों की तकरीबन 20 हजार की आबादी पौराणिक कुआं, इंडिया मार्का हैंडपंपों से पानी लाकर प्यास बुझा रहे है।

***पेयजल टंकी से जुड़े उपभोक्ताओं का आरोप है कि शासन द्वारा चलाई गई अमृत पेयजल योजना का काम अधर में लटका है पहले से लोगों को जलनिगम से मिल रहा पानी भी बंद हो गया है।इससे अच्छा तो पुरानी पेयजल आपूर्ति को चालू कर दिया जाए।जिससे भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझ सके।***

# पैमाइश व सीमांकन के कार्य में आधुनिक रोवर तकनीक का इस्तेमाल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। राजस्व विभाग अब जमीनों की पैमाइश और सीमांकन के कार्य में आधुनिक रोवर तकनीक का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा रहा है। अत्याधुनिक जीपीएस आधारित इस उपकरण के प्रयोग से खेतों और भूखंडों की नाप पहले की अपेक्षा अधिक सटीक, पारदर्शी और कम समय में संभव हो सकेगी। राजस्व अधिकारियों का मानना है कि रोवर तकनीक लागू होने से वर्षों से चले आ रहे भूमि विवादों में कमी आएगी और किसानों को राहत मिलेगी। अब तक गांवों में जमीन की पैमाइश मुख्य रूप से जरीब, फीता अथवा पारंपरिक तरीकों से की जाती रही है। इन तरीकों में मानवीय त्रुटि की संभावना बनी रहती थी, जिससे खेत की मेड़, रास्ते और भूमि सीमा को लेकर विवाद खड़े हो जाते थे। कई बार एक ही जमीन की अलग-अलग नाप निकलने से किसानों को तहसील और न्यायालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन रोवर मशीन सैटेलाइट आधारित तकनीक से काम करती है, जिससे सेंटीमीटर स्तर तक सटीक माप प्राप्त होती है।उपजिला अधिकारी बृजमोहन शुक्ला के अनुसार रोवर उपकरण सीधे उपग्रहों से संकेत प्राप्त कर जमीन की वास्तविक स्थिति और क्षेत्रफल दर्ज करता है। इससे खेतों की नाप में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा सीमांकन के दौरान किसी प्रकार की पक्षपात या गड़बड़ी की आशंका कम होगी। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी बात यह है कि जहां पहले कई घंटे अथवा कई दिन लग जाते थे, वहीं अब कम समय में बड़े क्षेत्र की पैमाइश संभव हो सकेगी। उन्होंने बताया कि रोवर तकनीक का उपयोग केवल खेतों की पैमाइश तक सीमित नहीं रहेगा।बल्कि सरकारी भूमि की पहचान, अवैध कब्जों की जांच, सड़क एवं चकरोड सीमांकन, तालाब और ग्राम समाज की भूमि का सत्यापन जैसे कार्यों में भी मदद मिलेगी। इससे सरकारी अभिलेखों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने में सुविधा होगी और भविष्य में रिकॉर्ड ढूंढने में समय की बचत होगी। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक अपनाने से राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली में तेजी आएगी। किसानों और आम लोगों को बार-बार तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सटीक नाप होने से भूमि खरीद-फरोख्त में पारदर्शिता बढ़ेगी और आपसी विवाद कम होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते भूमि विवादों के बीच रोवर तकनीक को राजस्व व्यवस्था में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

## सम्पादकीय

# बंगाल हिंसा के दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद एक बार फिर हिंसा की आग में झुलसता दिखाई दे रहा है। चुनाव के बाद जिस तरह हत्या, आगजनी, तोड़फोड़ और राजनीतिक प्रतिशोध की घटनाएं सामने आई हैं, वह बेहद चिंताजनक हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर आम जनता कब तक राजनीतिक संघर्ष की कीमत अपनी जान और सुरक्षा से चुकाती रहेगी। चुनाव परिणाम चाहे किसी के पक्ष में आए हों, लेकिन हिंसा किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी हार होती है। जीते या हारे दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इस हिंसा में कई लोग जान गंवा बैठे हैं। इनमें भाजपा के प्रमुख नेता सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रकांत रथ समेत कई लोगों की हत्याएं हो गई हैं। कुल मिलाकर राज्य में डर का माहौल है। बंगाल चुनाव के दौरान या बाद में हिंसा कोई नई नहीं है। अब मुख्य मुद्दा यह है कि चुनाव में विजयी हुई भाजपा ने जनता से जो वादे किए हैं, उन पर खरा उतरे और यह दिखने भी चाहिए। राज्य में केंद्रीय बलों की संख्या बहुत है। साथ ही अब एक तरह से राज्य का पूरा तंत्र भी भाजपा के ही हाथ में है। इससे पहले की देर हो, उसे दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। हिंसा के दोषियों को पकड़कर सख्ती से निपटना चाहिए, ताकि लोग बदलाव महसूस कर सकें। प्रदेश का माहौल शांत हो और विकास कार्य गति पकड़ सकें। राज्य में कानून व्यवस्था में यह बदलाव दिखाई देना चाहिए। एक दो दिन में नई सरकार की ताजपोशी भी हो ही जाएगी। उससे पहले कानून व्यवस्था को पटरी पर लाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। हालांकि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आम नागरिक को कष्ट नहीं हो और दोषी किसी भी हाल में बचे नहीं। चुनाव आयोग को भी हालात की गंभीरता को देखते हुए 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनानी पड़ी और बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया, लेकिन केवल गिरफ्तारी कर लेना पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि हिंसा के पीछे जो लोग हैं, उन्हें राजनीतिक संरक्षण से ऊपर उठकर कानून के दायरे में लाया जाए। वर्षों से राज्य की राजनीति में राजनीतिक वर्चस्व स्थापित करने के लिए हिंसा का इस्तेमाल एक दुर्भाग्यपूर्ण परंपरा बन चुका है। सत्ता बदलती रही, लेकिन राजनीतिक संघर्ष का तरीका नहीं बदला। यही कारण है कि हर चुनाव के बाद तनाव, डर और असुरक्षा का माहौल बन जाता है। यदि नई सरकार शुरुआत में ही उपद्रवियों को सख्त संदेश देने में सफल रहती है, तो इससे भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। यदि कार्रवाई केवल राजनीतिक विरोधियों तक सीमित रही और वास्तविक दोषियों को संरक्षण मिला, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। नेताओं को अपने समर्थकों को संयम और शांति का संदेश देना चाहिए। राजनीतिक लाभ के लिए नफरत और प्रतिशोध की राजनीति अंततः समाज को ही कमजोर करती है। जनता विकास, रोजगार, शिक्षा और बेहतर कानून व्यवस्था चाहती है, न कि भय और असुरक्षा का माहौल। चुनाव खत्म हो चुके हैं, अब समय है कि राजनीतिक दल जनता की आकांक्षाओं को समझें और राज्य को स्थिरता तथा विकास की दिशा में आगे बढ़ाएं। लोकतंत्र की असली ताकत शांतिपूर्ण सहअस्तित्व और कानून के सम्मान में होती है। यदि चुनाव परिणाम के बाद भी लोगों को अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगे, तो यह किसी भी लोकतंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है। इसलिए बंगाल में हिंसा के दोषियों पर सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई होना लोकतंत्र की रक्षा के लिए भी अनिवार्य है।



वर्षगांठ

नरेंद्र मोदी

# सोमनाथ से मिलती है एकता की सीख

> सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं, जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है। हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा हैः प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा। यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी। ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया जाता है। 1940 के



दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ''इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।''

उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया। दुर्भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। मुझे अक्टूबर 2001 का वह समय आज भी अच्छे से याद है, जब मैंने मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था। 31 अक्टूबर 2001 को, सरदार पटेल की जयंती पर गुजरात सरकार ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 50वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया। 11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं।

पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्रयंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है। आज बेहतर कनेक्टिविटी से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है, आजीविका सुरक्षित हो रही है, साथ ही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और सशक्त हो रही है। सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। जब आप सोमनाथ के तट पर खड़े होंगे, तब उसकी प्राचीन प्रतिध्वनियों को अपने भीतर महसूस करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

उम्मीद

बृजमोहन अग्रवाल



# मोदी की भाजपा बंगाल का पुराना वैभव लौटाएगी

देश का विरोध करते-करते भगवान राम का विरोध करने वालों का यही हश्र होना था। यशस्वी प्रधानमंत्री शनरेंद्र मोदी और चुनावी रणनीति में बेहद चौकन्ने और अब तक के सर्वोच्च कुशल संगठनकर्ता केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की शानदार, दमदार और जानदार राजनयिक जुगलबन्दी ने कश्मीर से धारा 370 को हटाने के बाद अब बंगाल पर विजय हासिल करके देश को चौतरफा विकास की ओर आगे बढ़ा दिया है। भाजपा पश्चिम बंगाल की 293 सदस्यीय विधानसभा में 206 सीटों की जीत के साथ बंग भूमि को प्राचीन काल की तरह और उर्वर बनाने के लिए बेहद पुख्ता ढंग से काबिज हो गई है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की कश्मीर नीति का प्रखर विरोध करते हुए अपनी जान तक गंवाने वाले मां भारती के अजर अमर लाल और पश्चिम बंगाल में ही जन्में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा आज बंगाल में हर तरफ़ भगवा लहराने से संतृप्त हुई होगी। मैं डॉक्टर साहब के अमर बलिदान को याद करते हुए यही कहना चाहूंगा वंदे मातरम, तेरा वैभव अमर रहे मां...अब हम सभी बड़े गर्व से कह सकेंगे कि जहा जन्में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वह बंगाल भी हमारा है। अब गंगोत्री से गंगासागर तक हम सभी को पतित पावनी मां गंगा का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। चुनाव परिणाम बंगाल के लोगों की सामूहिक राष्ट्रीय चेतना का भव्य प्रदर्शन है। यह जीत देश की राजनीति के लिए एक निर्णायक मोड़ है।

ये जीत सिर्फ बंगाल की जीत नहीं है, ये पूरे देश की जीत है, ये सनातन की जीत है और घुसपैठ के विरोध की जीत है। यह जीत बंगाल में व्याप्त अनार्की (अराजकता) और कानून-व्यवस्था के समाप्त होने के विरुद्ध जनता का जनादेश है। पिछले 15-20 सालों से बंगाल का विकास रुक गया था और जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर थी, जिससे अब उन्हें मुक्ति मिली है। पश्चिम बंगाल की धरती पर भाजपा की यह प्रचंड विजय केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि उस विचार, उस संकल्प और उस बलिदान की गूंज है, जिसकी नींव अखंड भारत के शाश्वत प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने रखी थी। यह जीत उन सपनों की जीत है, जो उन्होंने एक अखंड, सशक्त और आत्मसम्मान से भरे भारत के लिए देखे थे। यह जीत उस राष्ट्रवाद की जीत है, जिसके लिए उन्होंने हर संघर्ष को स्वीकार किया और अंततः अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी तपस्या, त्याग और बलिदान आज हर कार्यकर्ता की प्रेरणा बनकर खड़ा है। यह विजय जन-जन के विश्वास, समर्थन और लोकतंत्र के प्रति उनकी अटूट आस्था का परिणाम है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से अभिनंदन है, जिनके अथक परिश्रम, निष्ठा और जनसेवा के भाव ने इस ऐतिहासिक जीत को संभव बनाया है। भाजपा के नव नियुक्त अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल मार्गदर्शन से पार्टी को ऐसी सुनहरी जीत मिल सकी है। बूथ स्तर से लेकर प्रत्येक क्षेत्र तक कार्यकर्ताओं ने जिस ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य किया, वही इस सफलता की असली ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि आज से बंगाल भयमुक्त हुआ है। पार्टी कार्यकर्ताओं और जन जन में यह विश्वास है कि भाजपा बंगाल को उसका पुराना वैभव देने में अवश्य कामयाब होगी। पहले कांग्रेस फिर वामपंथी दलों और बाद में ममता बनर्जी की अत्याचारी और हिंदू दमनकारी सरकार की वजह से कुंद हो चुके हिंदुत्व ने आपसी प्रेम बंधुत्व और भाई चारे के माहौल में अपनी धर्म संस्कृति और संस्कारों के साथ ख़ुशी-ख़ुशी जीना शुरू कर दिया है। बंगाल के हिंदुओं के चेहरे में एक अपरिमित ख़ुशी झलक रही है। सबसे पहले अंग्रेजों ने उर्वर बंगाल की भूमि का विभाजन कर देश की आर्थिक-सामाजिक संस्कृति को चोट पहुंचाई। कालांतर में वामपंथियों ने 34 साल तक पश्चिम बंगाल में शासन किया और नतीजा यह रहा कि जो राज्य कभी देश की राजधानी हुआ करता था और विकसित राज्यों की श्रेणी में था, वह आज नीचे से भी कहीं नहीं रहा।

## बुरा मित्र जानवर से ज्यादा खतरनाक



संकलित

दर्शन

गौतम बुद्ध कहते हैं कि एक बुरा मित्र किसी जानवर से भी ज्यादा खतरनाक होता है, क्योंकि एक जानवर सिर्फ हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। लेकिन बुरा मित्र हमारे दिमाग को नुकसान पहुंचाता है। गौतम बुद्ध कहते हैं कि जिसे जान-बूझकर झूठ बोलने में लज्जा नहीं, वह कोई भी पाप कर सकता है, इसलिए तू यह हृदय में अंकित कर ले कि मैं हंसी-मजाक में भी कभी असत्य नहीं बोलूंगा। क्रोध को प्रेम से जीतें, बुराई को भलाई से जीतें। यह विचार प्रतिशोध के चक्र को तोड़कर करुणा और क्षमा को अपनाने का मार्ग दिखाता है। गौतम बुद्ध कहते हैं कि हम चाहें कितनी ही अच्छी किताबें पढ़ लें, कितने भी अच्छे शब्द सुनें, लेकिन जब तक उन्हें अपने जीवन में नहीं उतारते हैं, तब तक उसका कोई फायदा नहीं है। गौतम बुद्ध कहते हैं, सभा में, परिषद में और एकांत में किसी से झूठ न बोलें। झूठ बोलने के लिए दूसरों को प्रेरित न करें और न झूठ बोलने वाले को प्रोत्साहन दें। असत्य का सर्वांश में परित्याग कर देना चाहिए। गौतम बुद्ध कहते हैं अतीत पर ध्यान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, अपने मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।

## ईश्वर कैसे होते हैं प्रसन्न



संकलित

प्रेरणा

एक बार दुर्वासा मुनि, देवताओं की नगरी अमरावती में गए। पूरा शहर उत्सव की शोभा से दमक रहा था। दुर्वासा ने वहां उपस्थित नारद से इसके बारे में पूछा, इस उत्सव का क्या कारण है? देवर्षि नारद ने जवाब दिया, आज पूर्णिमा का दिन है। देवताओं के राजा इंद्र, माता अदिति की पूजा कर रहे हैं। उत्सव की वैभवपूर्ण तैयारियों को देखकर दुर्वासा मुनि आश्चर्य चकित हुए। सैकड़ों सुवर्ण थालियों में फूलों को सजाकर मां की पूजा के लिए रखे जा रहे थे। दुर्वासा मुनि इन तैयारियों के बारे में मां को स्वयं बताना चाह रहे थे। वे मां के द्वार पर गए। द्वारपालकों ने मुनि से कहा 'हे मुनिवर! मां बीमार हैं। आप उनसे अभी मिल नहीं सकते। द्वारपालकों की बातों को नजरंदाज कर मुनि सीधे मां के कक्ष में गए, जहां देव माता अदिति शैय्या पर लेटी हुई थीं। मुनि ने देवी से पूछा, 'मां! आप अस्वस्थ क्यों हैं? आप तो इससे परे हैं न?' देव माता ने नारद के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा, 'यह सब देवेंद्र के कारण हुआ है, जो अपनी संपदा के दिखावे के लिए मेरी पूजा स्वर्ण पुष्पों से कर रहा है। उन स्वर्ण पुष्पों से ही मेरे शरीर पर घाव हो रहे हैं। दुर्वासा ने देवी से फिर पूछा, यह बताइए मां, आपका यह रोग कैसे ठीक होगा? मां ने जवाब दिया, वाराणसी के विशालाक्षी मंदिर में एक व्यक्ति है, जो मेरी चिकित्सा करने में समर्थ है। दुर्वासा तुरंत वाराणसी गए।

# उम्मीद और भरोसे की मिसाल नर्सों को मिले पूर्ण सम्मान का दर्जा

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस (12 मई) पर विशेष

**हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं थीम पर मनेगा यह खास दिवस**



लेखक - मुकेश शर्मा

हिन्दी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

पूर्ण समर्पण और निःस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा में हर पल तत्पर रहने वाली नर्सों को आज स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ के रूप में देखा जाता है। आपात स्थितियों में चिकित्सकों के कंधे से कन्धा मिलाकर घंटों मरीजों की देखभाल में तत्पर नर्सों के जज्बे में कभी कोई कमी नजर नहीं आती। उनके इसी समर्पण को सैल्यूट करने के लिए हर साल 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज का दिन यह प्रेरणा देता है कि उम्मीद और भरोसे की मिसाल बन चुकी नर्सिंग सेवा को पूर्ण सम्मान का दर्जा मिले, सुरक्षित कार्य वातावरण मिले, स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को मान्यता मिले ताकि उनके कार्यबल को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के साथ और उन्नत बनाया जा सके। इस साल इस खास दिवस की थीम- हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं तय की गयी है, जो यह साबित करती है कि एक बीमार को पूर्ण स्वस्थ बनाने में नर्स की कितनी बड़ी भूमिका है। आज के दिन उन नर्सों के प्रति शुक्रिया अदा करना चाहिए, जिनके अथक प्रयास से व्यक्ति को नया जीवन तक नसीब होता है। चाहे छोटे या बड़े बच्चे हों, पुरुष हों या महिलाएं, युवक हों या युवती, हर किसी के स्वास्थ्य देखभाल में इनका महत्वपूर्ण स्थान होता है।

अस्पताल पहुँचने पर सबसे पहले आगे बढ़कर स्वागत के साथ मरीज का मनोबल बढ़ाने और उम्मीद बंधाने वाली नर्स ही होती हैं, जो कि समय से दवा और भोजन का ख्याल रखती हैं। जीवन रक्षक उपकरणों के प्रबन्धन के साथ ही मरीज के लिए शांत वातावरण की व्यवस्था का भी वह ध्यान रखती हैं। मरीज के पूरी तरह स्वस्थ होने की सबसे ज्यादा खुशी देखभाल करने वाली उन्हीं नर्स के चेहरे पर देखी जा सकती है और वह खुशी-खुशी मरीज को घर के लिए विदा भी करती हैं। आपात स्थितियों या दुर्घटनाओं में घायलों को संभालना जहाँ बड़ी मुश्किल का काम होता है, वहीं वह उसे एक चुनौती के रूप में देखती हैं और सेवा में तत्पर हो जाती हैं। उस समय वह न काम के घंटे को देखती हैं और न ही भूख या प्यास। ऐसे में हम सभी का कर्तव्य बनता है कि उन्हें हर जरूरी सुविधाएं अस्पताल में मुहैया करायी जाएँ, जिसकी सही मायने में वह पूरी तरह हकदार हैं। अस्पताल में प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला हो या आपरेशन थियेटर में परेशान मरीज वह उन्हें धीरज दिलाने और साहस बढ़ाने का काम भी खुशी-खुशी करती हैं। सुरक्षित प्रसव के बाद नवजात को देखकर जितनी खुशी मां को होती है, उससे कहीं ज्यादा खुशी की झलक नर्स के चेहरे पर साफ देखी जा सकती है।

मरीजों की सेवा के अलावा वह अस्पतालों के कुशल संचालन में भी बड़ी भूमिका निभाती हैं। एक तरह से कहा जाए तो वह मरीजों, चिकित्सकों और परिवार वालों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करती हैं। मरीजों के सारे रिकार्ड और दस्तावेज को संभालकर रखने की जिम्मेदारी निभाती हैं। साफ-सफाई के साथ संक्रमण नियन्त्रण के हर जरूरी बिन्दुओं का भी वह ख्याल रखती हैं। किसी विषम परिस्थिति के समय वह भावनात्मक मदद के साथ सांत्वना प्रदान करने का भी कार्य करती हैं। मरीजों के सही स्वास्थ्य की जानकारी का इंतजार कर रहे परिजनों को भी ढांढस बंधाने का कार्य करती हैं।

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस को आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हर साल मनाया जाता है। फ्लोरेंस नाइटेंगल को लेडी विद द लैम्प भी कहा जाता है, क्योंकि क्रीमिया युद्ध के दौरान जख्मी सैनिकों की सेवा की मिसाल पेश करने के साथ ही साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखकर उन्होंने आधुनिक नर्सिंग की नींव रखी थी। आज के दिन नर्सों को सम्मानित करना और उनके लिए समारोह का आयोजन करना उनके जज्बे को ताकत देने का काम करेगा। उनको अवार्ड या प्रतीक चिन्ह भेंटकर भी उनकी हौसला अफजाई की जा सकती है। यह दिन हर किसी को याद दिलाता है कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ हैं, जो मरीजों को उम्मीद और भरोसा देती हैं। ऐसे में उनके सशक्तिकरण पर गंभीरता से कार्य करने के साथ ही उनके उच्च कोटि के प्रशिक्षण पर भी जोर देने की जरूरत है, ताकि वह आपात स्थितियों को सँभालने में दक्ष होने के साथ ही जीवन रक्षक उपकरणों का उचित प्रबन्धन भी आसानी से कर सकें। इसके साथ ही नर्सिंग सेवा को और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए इसमें निवेश की भी जरूरत है ताकि वह भविष्य की चुनौतियों का आसानी से सामना करने के योग्य बन सकें। ऐसा करना अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए भी जरूरी है ताकि वह बीमार को शीघ्र स्वस्थ बनाकर फिर जीवन की मुख्यधारा से जोड़कर फिर से कार्य दायित्व को संभालने के योग्य बना सकें।

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं)

## X ट्रेंड f

### शासन का मूल्यांकन



हम यहां व्यवस्था का प्रबंधन करने नहीं, बल्कि उसे बदलने के लिए आए हैं। शासन का मूल्यांकन फाइलों की हेराफेरी या प्रस्तुत रिपोर्टों से नहीं, बल्कि प्राप्त परिणामों और बेहतर हुए जीवन से होता है।

- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### कानून-व्यवस्था



बंगाल में हाल की घटनाएं बेहद दुखद और चिंताजनक हैं। हमारे वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी के एक करीबी सहयोगी की हत्या से कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। राजनीतिक मतभेदों के बीच हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### ऑपरेशन सिंदूर



ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर, भारतीय सेना के वीर सैनिकों को हार्दिक सलाम। आपके अद्वितीय शौर्य ने राष्ट्र का सिर गर्व से ऊंचा किया है। आपकी बहादुरी ने उन कायर आतंकवादियों को दिखा दिया है कि हमारे देश पर किए गए घिनौने आतंकवादी हमलों का क्या अंजाम होता है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### ईडी की रेड



ईडी ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के ओएसडी राजबीर के करीबी सहयोगियों के घरों पर छापा मारा। ईडी को आते देख इन लोगों ने नौवीं मंजिल से नोटों से भरे बैग फेंकना शुरू कर दिया। यही लोग सीएमओ में बैठकर दलाली करते हैं।

- स्वाति मालीवाल, राज्यसभा सदस्य

## संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

#### अमेठी में सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा, पुलिस जांच में जुटी

अमेठी ,एक ई-रिक्शा चालक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई।देर रात हुए इस हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आज सुबह मृतक का शव सड़क किनारे झाड़ियों में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।यह मामला जामो थाना क्षेत्र के पंडित के पुरवा गांव के पास का है।भगवानदीन दुबे गांव, पुरवा गांव निवासी ई-रिक्शा चालक शंभु यादव देर रात अपना ई-रिक्शा सड़क किनारे खड़ा कर शौच के लिए जा रहे थे।तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गय आज सुबह शंभु यादव का शव सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला, जबकि उनका ई-रिक्शा पास में ही खड़ा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है।पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके।

### शिकायतों के निस्तारण में अमेठी पुलिस प्रदेश में अव्वल

#### आईजीआरएस रैंकिंग में लगातार सातवीं बार मिला पहला स्थान

अमेठी , अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ शिकायतों के निस्तारण में भी अमेठी पुलिस ने अपनी श्रेष्ठता साबित की है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आईजीआरएस मासिक रैंकिंग माह अप्रैल 2026 में जनपद अमेठी पुलिस को लगातार सातवीं बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस बार अमेठी पुलिस ने 100% अंकों के साथ यह उपलब्धि हासिल की है।यह सफलता पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह (नोडल अधिकारी आईजीआरएस) के पर्यवेक्षण और प्रभारी आईजीआरएस निरीक्षक चंद्रशेखर के नेतृत्व में मिली है।थानों में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण तथा शिकायतकताओं द्वारा दिए गए संतुष्टि फीडबैक के आधार पर शासन द्वारा मासिक रैंकिंग जारी की जाती है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन जनपद के थानों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई की जा रही है। उनके प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप जनपद अमेठी पुलिस को यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हो रही है। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक अमेठी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय और जनपद के थानों में आईजीआरएस में नियुक्त पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की। उन्होंने भविष्य में भी पूर्ण मनोयोग से कार्य करने हेतु उनका उत्साहवर्धन किया।

# नेशनल हाईवे पर दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत

## जलती कार से घायलों को निकाल कर हाफि ज शफीउद्दीन ने पेश की मानवता की मिशाल

### एक कार बनी आग का गोला, 9 घायल

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर स्थित रुकनापुर बाजार के निकट दो कारों में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि एक कार आग का गोला बन गई और देखते ही देखते धू-धू कर जलने लगी।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया।इस दौरान हाफि ज शफीउद्दीन ,हाफिज इस्लामुद्दीन,हाफिज शहीदुद्दीन ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए अपनी जान जोखिम में डालकर आग लगी कार व अन्य वाहन में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।उन्होंने कहा इस्लाम धर्म में सिखाया गया है कि दुःख के समय में बिना जाती धर्म देखें लोगों की मदद करो। जानकारी के अनुसार एर्टिगा कार में सवार घायल यात्रियों की पहचान जितेंद्र लाल पुत्र रघुराई प्रसाद, मिथिलेश पुत्र रामदेव, अमोल्या कुशवाहा पुत्री अशोक कुशवाहा, मीणा कुशवाहा पत्नी अशोक कुशवाहा एवं अगम्य सिंह पुत्री उमेश सिंह, सभी निवासी बहराइच के रूप में हुई है।वहीं आग की चपेट में आई कार में दो लोग सवार थे, जिनमें एक घायल की पहचान रुद्र प्रताप पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी बाराबंकी के रूप में हुई है। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से उपचार हेतु कैसरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।सूचना मिलते ही कुंडासर चौकी प्रभारी पी.एन. पांडे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच में जुट गए।हादसे के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा।

# भुवेश्वर नाथ मंदिर में चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। नानपारा कोतवाली क्षेत्र के चीनी मिल गेट के सामने स्थिति प्राचीन भुवेश्वर नाथ मंदिर में रात्रि 10 मई को चोरी की घटना सामने आई है।राकेश कुमार पाण्डेय नें स्थानीय कोतवाली पर घटना के सम्बन्ध में लिखित रूप से शिकायती पत्र में बताया है कि प्रतिदिन की तरह जब मंदिर में साफ-सफाई करने पहुंचा तो अंदर बक्से का सामान फैला हुआ था,अंदर जाकर देखा तो मंदिर से गैस सिलेंडर,साड़ी,चुनरी सहित अन्य सामान गायब था। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की बड़ी आस्था जुड़ी हुई है और इस प्रकार की घटना से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और मामले की जांच शुरू कर दी गई।पुलिस नें ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।पुलिस द्वारा आसपास के संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# अमृत सरोवर योजना में घोटाले और साफ-सफाई न होने की शिकायत



अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार की गंभीर तस्वीर पेश करती हैं।मिशन अमृत सरोवर का उद्देश्य जल संरक्षण और ग्रामीण विकास है, लेकिन अक्सर इसमें लापरवाही की खबरें सामने आती हैं।

### अमृत सरोवर में भ्रष्टाचार

सरोवर के निर्माण में स्थानीय ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और सचिवों की मिलीभगत से बड़े घोटाले के आरोप लग रहे हैं।

### साफ-सफाई का अभाव

सरोवर के आसपास गंदगी और साफ-सफाई न होने के कारण यह बदहाल स्थिति में है।

### मनरेगा में फजीवाड़ा

रिसिया ब्लॉक में मनरेगा के तहत फर्जी लेबर लगाकर काम दिखाने की शिकायतें मिली हैं, जबकि मौके पर घास और झाड़ियां उगी हुई हैं।

# तहसील कैसरगंज में भ्रष्टाचार के विरोध में अधिवक्ताओं का जोरदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज में व्याप्त भ्रष्टाचार, प्रशासनिक लापरवाही तथा न्यायिक कार्यों में हो रही देरी के विरोध में बार एसोसिएशन कैसरगंज के अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बड़ी संख्या में अधिवक्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए और तहसील प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने भ्रष्टाचार बंद करो, वादकारियों को न्याय दो, अधिकारियों की मनमानी बंद करो तथा अधिवक्ता संघ जिंदाबाद जैसे नारे लगाए। नारेबाजी के चलते पूरे तहसील परिसर का माहौल काफी देर तक गर्म रहा। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील में नामांतरण वादों का समयबद्ध निस्तारण नहीं किया जा रहा है। सीमांकन संबंधी आख्या महीनों तक लंबित रखी जा रही हैं तथा फाइलों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। अधिवक्ताओं ने कहा कि शासनादेशों का सही ढंग से पालन नहीं किया जा रहा है। विशेष रूप से असंक्रमणीय भूमिधरों को समयावधि पूर्ण होने के बाद भी संक्रमणीय भूमिधर घोषित नहीं किया जा रहा, जिससे किसानों और भूमिधरों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।लोगों को भूमि संबंधी कार्यों के लिए बार-बार तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन उन्हें समय से राहत नहीं मिल पा रही है।बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के कारण आम जनता तथा वादकारी परेशान हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो विरोध और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत बहराइच द्वारा श्री मानस इंटर कालेज विशुनपुर राहू में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में जनपद बहराइच के विभिन्न युवा मंडलों के युवक युवतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री मानस इंटर कॉलेज रमेश चंद्र मिश्र व विशिष्ट अतिथि जनहित फाउंडेशन के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्र द्वारा उपस्थित युवक-युवतियों को कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले युवक-युवतियों द्वारा भी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के विषय में अपने विचार व्यक्त किये गये।कार्यक्रम का संचालन लेखाधिकारी इंद्रसेन चौधरी ने किया।इस अवसर पर समाजसेवी सोनम वर्मा, आशीष पांडेय, देवकीनंदन मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# युवक की गोली मारकर हत्या

## पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी, संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना पीपरपुर थाना क्षेत्र के खानापुर गांव में दोपहर करीब 12:30 बजे हुई। गंभीर रूप से घायल युवक को सुल्तानपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान दीपक मिश्रा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गांव के ही सचिन पांडेय ने दीपक को पिस्टल दिखाने के लिए बुलाया था।इस दौरान दीपक के साथ एक अन्य युवक भी मौजूद था। अचानक अवैध पिस्टल से गोली चल गई, जो सीधे दीपक मिश्रा के सीने में लगी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मृतक के साथ मौजूद युवक ने पुलिस को बताया कि सचिन पांडेय ने दीपक मिश्रा को पिस्टल दिखाने के लिए बुलाया था और इसी दौरान गोली चल गई। परिजनों और साथ मौजूद युवक ने गंभीर रूप से घायल दीपक को सुल्तानपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### टीम संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही

पुलिस अधीक्षक (एसपी) सरवणन टी ने बताया कि तीनों युवक आपस में परिचित थे।पुलिस ने इस मामले में बालेन्द्र शुक्ला को हिरासत में ले लिया है। मुख्य आरोपी सचिन पांडेय की तलाश में पुलिस की पांच टीमें गठित की गई हैं।इनमें से तीन टीमें सुल्तानपुर में और दो टीमें अमेठी में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। एसपी ने जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है ।परिजनों के अनुसार, दीपक ई-रिक्शा चलाता था।

# एएमयू मेडिकल कॉलेज में चौथे दिन भी डॉक्टरों की हड़ताल

## गरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट पहुंचे, पुलिस वीडियो से आरोपियों की पहचान में जुटी

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों और तीमारदारों के बीच हुई मारपीट के बाद चिकित्सा सेवाओं पर असर पड़ने लगा है। रात को हुई घटना के चौथे दिन भी डॉक्टर हड़ताल पर हैं। इससे आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह से बंद हैं। वहीं, हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज होने पर गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी जूनियर डॉक्टर अब इलाहाबाद हाई कोर्ट पहुंच गए हैं। उधर, हमले के वीडियो के आधार पर पुलिस अन्य लागों की भी पहचान में जुटी है।इलाज कराने आए परिवार से हुआ था विवादघटना रात करीब 12:15 बजे जेएन मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर की है।शाहजमाल के माबूद नगर निवासी अफजाल अपनी पत्नी शबाना के पैर की मोच का इलाज कराने आए थे।इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद जूनियर डॉक्टर अनन्या से उनकी बहस हो गई बहस इतनी बढ़ी कि अन्य जूनियर डॉक्टर भी वहां आ गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस झड़प में डॉक्टर अनन्या समेत दो जूनियर डॉक्टर घायल हुए, जबकि तीमारदार अफजाल के बेटों को भी चोटें आईं।

### 3 डॉक्टर निलंबित, जानलेवा हमले का केस दर्ज

घटना के बाद गुस्साए डॉक्टरों ने सीएमओ ऑफिस में भी जमकर बवाल काटा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कुछ डॉक्टर गेट तोड़कर अंदर घुसते और प्रॉक्टर को अपशब्द कहते नजर आ रहे हैं।तीमारदार अफजाल की तहरीर पर सिविल लाइंस थाने में डॉ. तलहा, डॉ. आकिल और डॉ. शहवाज को नामजद करते हुए 8-10 अज्ञात डॉक्टरों के खिलाफ जानलेवा हमले सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए तीनों नामजद डॉक्टरों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### मांग पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी

धरने पर बैठे रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. अख्तर अली का कहना है कि डॉक्टरों पर झूठे आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

न तो किसी पर जानलेवा हमला हुआ और न ही कोई चोरी हुई।

# बड़ी बहन के ऑपरेशन का बहाना, नाबालिग को भगाया

## शाहजहांपुर में पिता इलाज कराने गए थे, युवक घर से ले गया

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर,एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक लड़की को उसकी बड़ी बहन के ऑपरेशन का बहाना बनाकर घर से ले गया।यह घटना कलान थाना क्षेत्र के हरेली नेकपुर गांव की है। नाबालिग के पिता ने पुलिस में दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ बड़ी बेटी का इलाज कराने बदायूं के उझानी गए थे। घर पर उनका 15 वर्षीय बेटी और बेटा अकेले थे। इसी दौरान, पड़ोस के साते नगला गांव का रहने वाला एक युवक उनके घर आया। उसने बच्चों को बाहर बुलाया और कहा कि उनकी बड़ी बहन की तबीयत बहुत खराब है और उसका ऑपरेशन हुआ है। उसने घर में रखे रुपये और जेवर लेकर चलने को कहा। पीड़ित का बेटा जब चाचा को बुलाने गया, तभी आरोपी युवक नाबालिग बेटी को पायल, टीका, मंगलसूत्र और पचास हजार रुपये नकद के साथ बाइक पर बैठाकर फरार हो गया। बेटे ने घटना की जानकारी अपने चाचा को दी। चाचा ने जब आरोपी के नंबर पर कॉल किया तो उसने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने अपनी बेटी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

# दहेज हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

## पिता ने प्रेम-प्रसंग और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया, फंदे से लटका मिला था शव

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , पुलिस ने दहेज हत्या के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी सूर्य प्रकाश पाल को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी हरखपुर गेट नहर पुलिया के पास पुलिस चेकिंग के दौरान हुई। आरोपी के खिलाफ मृतका के पिता की शिकायत पर दहेज हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। यह घटना जेठवारा थाना क्षेत्र के रामपुर खुर्द गांव की है। यहां के निवासी रामचंद्र पाल की बेटी अंजू पाल का विवाह लगभग पांच साल पहले सूर्य प्रकाश पाल से हुआ था। मृतका के पिता के अनुसार, शादी के बाद से ही पति अंजू को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करता था। आए दिन मारपीट होती थी और कई बार पारिवारिक पंचायतें भी हुईं, लेकिन विवाद का समाधान नहीं हो सका। बताया गया कि रात घर में शादी और बहू भोज का कार्यक्रम था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद परिवार के सदस्य बाहर सो गए, जबकि अंजू अपने कमरे में चली गईं। सुबह जब परिजन अंजू को बुलाने पहुंचे, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। खिड़की से देखने पर अंजू दुपट्टे के सहारे छत के चुल्ले से लटकी हुई पाई गईं। इस घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस, फॉरेंसिक टीम और सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। मृतका के पिता ने यह भी आरोप लगाया कि सूर्य प्रकाश पाल का किसी अन्य महिला से प्रेम प्रसंग था, जिसके कारण उनकी बेटी मानसिक रूप से परेशान रहती थी।

# एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह पर मुकदमा दर्ज के आदेश

## रघुराज प्रताप सिंह की पत्नी की याचिका पर कोर्ट का फैसला

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया की पत्नी भानवी कुमारी सिंह की याचिका पर एमपी-एमएलए कोर्ट ने एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। भानवी सिंह ने एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह के अलावा रोहित सिंह, अनिल सिंह, रामदेव यादव व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और कंपनी हड़पने के आरोप लगाते हुए अदालत में अर्जी दाखिल की थी। इस पर एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय ने इंस्पेक्टर हजरतगंज को एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश दिए हैं।

### फर्म में करोड़ों की संपत्ति हड़पने का आरोप

भानवी सिंह की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि उन्होंने और अक्षय प्रताप सिंह समेत अन्य साझेदारों ने 10 फरवरी 2014 को एक साझेदारी फर्म का पंजीकरण कराया था। इस फर्म में करोड़ों रुपये का निवेश कर कई चल एवं अचल संपत्तियां अर्जित की गईं, जिनका मूल्य पांच करोड़ रुपये से अधिक बताया गया है। आरोप है कि कुछ समय बाद अक्षय प्रताप सिंह और उनके सहयोगियों ने फर्म की संपत्तियों को हड़पने के लिए पंजीकरण अभिलेखों में हेराफेरी कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। भानवी के अनुसार, उनके फर्जी हस्ताक्षर कर 15 नवंबर 2020 को कूटरचित दस्तावेज बनाए गए। यह भी आरोप है कि फर्म का पंजीकरण बदलकर इसे अक्षय प्रताप सिंह के लखनऊ स्थित निजी आवास के पते पर दर्ज करा दिया गया। इससे पहले विशेष एसीजेएम अदालत ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के बजाय इसे परिवाद के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया था।

## संक्षेप

### हाईवे पर मजदूरों में मारपीट

**घटना का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी**

बागपत , मेरठ-बागपत-सोनीपत हाईवे पर मजदूरों के बीच मारपीट का एक मामला सामने आया है।इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक मजदूर दूसरे को पीटता हुआ दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार, दोनों मजदूर हाईवे किनारे किसी काम के सिलसिले में मौजूद थे, तभी उनके बीच कहासुनी शुरू हो गई। यह विवाद जल्द ही बढ़ गया और एक मजदूर ने दूसरे के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि आरोपी मजदूर दूसरे व्यक्ति को सड़क किनारे गिराकर लगातार पीट रहा है। घटना के दौरान वहां मौजूद लोगों की भीड़ तमाशबीन बनी रही, जबकि किसी राहगीर ने पूरी घटना को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। कुछ लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास भी किया, लेकिन मारपीट काफी देर तक जारी रही। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।स्थानीय निवासियों का कहना है कि हाईवे पर इस प्रकार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे राहगीरों में भय का माहौल बन रहा है। हालांकि, इस मामले में अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई हैवहीं, पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले व्यक्ति की पहचान की जाएगी और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### आवारा पशुओं से फसलें बर्बाद

**किसान परेशान, 50 पशुओं का झुंड खेतों में घुसा, प्रशासन से लगाई गुहार**

बागपत , बिनोली क्षेत्र में आवारा पशुओं से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं।इस समस्या को लेकर किसान गगन धामा ने जिलाधिकारी बागपत को शिकायती पत्र सौंपा है और तत्काल समाधान की मांग की है। किसान गगन धामा के अनुसार, गांव के खेतों में लगभग 50 आवारा पशुओं का झुंड घूम रहा है।ये पशु खेतों में घुसकर गेहूं, चारा और अन्य खड़ी फसलों को पूरी तरह नष्ट कर रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।किसानों का कहना है कि जब वे इन पशुओं को खेतों से बाहर निकालने का प्रयास करते हैं, तो पशु आक्रामक हो जाते हैं और हमला करने की कोशिश करते हैं। इससे किसानों की जानमाल की सुरक्षा पर भी खतरा बना हुआ है। ग्रामीण भयभीत हैं और रातभर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि इन आवारा पशुओं को जल्द से जल्द पकड़कर गौशाला या किसी सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए। साथ ही, किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी ठोस कदम उठाए जाएं।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसानों को और अधिक आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। इस मामले में, बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जल्द जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## बाइक टकराने पर आईटीआई छात्र की गोली मारकर हत्या

**सीने को चीरती हुई निकली बुलेट, प्रयागराज में तीन लोगों से झगड़ा हुआ था**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , बाइक टकराने पर तीन लड़कों ने आईटीआई छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली छात्र के सीने को चीरते हुए आर-पार हो गई। छात्र लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। बाइक सवार आरोपी हत्या करने के बाद मौके से फरार हो गए। छात्र के दोस्तों ने उसके घर पर कॉल करके सूचना दी।दोस्त और मौके पर मौजूद लोग छात्र को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने छात्र के 2 दोस्तों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। घटना रविवार दोपहर 12 बजे की होलागढ़ इलाके की है।




### बाइक से ननिहाल गया था छात्र

झौनी का पुरवा के राजापुर चौबारा गांव का रहने वाला हिमांशु सरोज कळक कर रहा था। उसके पिता संजय कुमार पुणे में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। वह दो भाइयों में बड़ा था। हिमांशु की मां रीता ने बताया कि मेरा बेटा अपने ननिहाल पूरब नारा गांव में आता-जाता था। रविवार सुबह 8 बजे के करीब हिमांशु घर से बाइक लेकर निकला था। उसने कहा था कि मम्मी मैं नानी के यहां जा रहा हूं। उसने पड़ोस में रहने वाले संदीप और अवनीश को भी साथ में ले लिया। करीब 11 बजे ये तीनों लोग ननिहाल पहुंचे। उसके बाद वहां से कुछ देर बाद निकल गया। दोपहर में करीब 12 बजे अवनीश का मेरे पास फोन आया। उसने कहा कि हिमांशु को गोली मार दी गई है। टोड़ी का पुरवा गांव में हम लोगों की बाइक की दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। जिसके बाद ये घटना हुई।

### दोस्त बोले– बाइक टकराने पर विवाद हुआ

पुलिस पूछताछ में दोस्तों ने बताया कि दूसरी बाइक पर तीन लोग सवार थे। बाइक टकराने के बाद वे हिमांशु से झगड़ा करने लगे। जब बहस ज्यादा बढ़ गई तो तीनों में से एक आरोपी ने तमंचा निकाला। उसने हिमांशु के सीने में गोली मार दी। गोली सीने के आरपार हो गई। इसके बाद आरोपी बाइक से फरार हो गए। घायल हिमांशु को आनन-फानन में स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस घटना को लेकर और जानकारी जुटाने के लिए हिमांशु के दोनों दोस्तों से पूछताछ कर रही है।मां

## 30 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती

**जमीन के विवाद में सुनवाई न होने पर उठाया कदम, चार घंटे बाद उतारी जा सकी**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , नवाबगंज के सम्हई गांव में सोमवार सुबह एक युवती करीब 30 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची। करीब चार घंटे बाद उसे नीचे उतारा जा सका।प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि जमीन के विवाद में सुनवाई न होने से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। उसकी पहचान वंदना पुत्री फूलचंद निवासी ममई थाना नवाबगंज के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है।



### सुबह 9 बजे ग्रामीणों ने देखा

स्थानीय लोगों के मुताबिक सुबह करीब 9 बजे गांव के कुछ लोगों ने युवती को टावर पर चढ़ा देखा। देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। युवती टावर के ऊपरी हिस्से पर बैठी हुई थी, जिसके चलते उससे काफी देर तक कोई संपर्क नहीं हो पाया।

### दोपहर 12 बजे नीचे उतरी

पुलिसकर्मियों ने प्रयास किया लेकिन वह उसे नीचे उतरने के लिए राजी करने में नाकाम रहे। इसके बाद फायर ब्रिगेड और फिर एसडीआरएफ को बुलाया गया। दोनों टीमों ने संयुक्त रूप से प्रयास किया। एसडीआरएफ के जवान युवती को भरोसे में लेकर किसी तरह ऊपर पहुंचे और फिर युवती को दोपहर 12 बजे के करीब सकुशल नीचे उतार लिया।

### वजह अब भी साफ नहीं

नवाबगंज थाना प्रभारी पंकज अवस्थी ने बताया कि युवती से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पट्टे की जमीन को लेकर कुछ लोगों से विवाद की बात सामने आई है।

## डीआईओएस ऑफिस में सीडीओ का छापा

**फाइलें कूड़े की तरह मिलीं, बिना सूचना अधिकारी गायब**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , सीडीओ नूपुर गोयल ने जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय में अचानक छापा मारा। निरीक्षण के दौरान दफ्तर में कई अव्यवस्थाएं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और डीआईओएस से स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही मिलने पर शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। सीडीओ ने बताया कि डीएम के आदेश पर यह छापा मारा गया है। जांच में कार्यालय में गंदगी मिली और फाइलें एक कोने में कूड़े की तरह पड़ी थीं। आइजीआरएस रजिस्टर में शिकायतों के निस्तारण की एंट्री तो मिली, लेकिन शिकायतकताओं का फीडबैक दर्ज नहीं था। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारी मनोज मलिक बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। वहीं तीन ऐसे कर्मचारी भी दफ्तर में काम करते मिले, जो दूसरे कॉलेजों के कर्मचारी थे। पूछताछ में कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें डीआईओएस ने अपने कार्यालय में अटैच किया है। इस पर सीडीओ ने कहा कि डीआईओएस को किसी कर्मचारी को अटैच करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने पूरे मामले में स्पष्टीकरण मांगा है।



## प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर ने फिर दिखाया शिक्षा का कौशल

**विद्यालय के चार होनहार छात्र आश्रम पद्धति विद्यालय में हुए चयनित**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र में संचालित सुविख्यात शिक्षण संस्थान प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर के बच्चों ने एक बार फिर से विद्यालय को गौरवान्वित किया प्रतिवर्ष होने वाली प्रतिभागी परीक्षा आश्रम पद्धति विद्यालय में सम्मिलित होने के पश्चात विद्यालय के चार बच्चों ने विजय हासिल करते हुए आश्रम पद्धति विद्यालय में स्थान बनाया विद्यालय के छात्र अभय कुमार शौर्य आयुष तथा साकिब की मेहनत ने समूचे विद्यालय परिवार समेत माता-पिता तथा उच्च अधिकारियों को गदगद कर दिया यह जानकारी जैसे ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार अवस्थी को मिली तो उन्होंने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता जाहिर की वही जानकारी लेने पर प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय की उच्च शिक्षा के साथ-साथ माता-पिता की देखरेख तथा बच्चों की कड़ी मेहनत का प्रतिफल प्राप्त हुआ है जिसमें बच्चों का सहयोग करने वाले सभी शिक्षकों का भी प्रधानाध्यापक में आभार व्यक्त किया वही जानकारी मिलते ही अभिभावकों ने भी बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए खुशी जाहिर की तथा कई अभिभावकों ने विद्यालय की रूपरेखा वृक्षारोपण सौंदर्यीकरण तथा अन्य सभी व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए विद्यालय के सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया





## किचन में खाना बनाते समय गैस पाइपलाइन में लगी आग

**मेरठ की अक्षरधाम कॉलोनी में हादसा, लोगों ने गैस सप्लाई बंद कर पाया काबू**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की अक्षरधाम कॉलोनी में सुबह एक फ्लैट की गैस पाइपलाइन में अचानक आग लग गई। आग लगते ही छठी मंजिल पर अफरा-तफरी मच गई। परिवार के लोग घबराकर फ्लैट से बाहर निकल आए। आसपास के लोगों और पुलिस की मदद से समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।घटना बी-603 फ्लैट की है। यहां अशोक शर्मा अपने परिवार के साथ किराए पर रहते हैं। सुबह परिवार के सदस्य किचन में खाना बना रहे थे। तभी गेल कंपनी की गैस पाइपलाइन में अचानक आग भड़क उठी। पाइपलाइन से निकलती लपटें देखकर परिवार के लोगों ने शोर मचाया। शोर सुनकर कॉलोनी के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का काम शुरू कराया। साथ ही नीचे से गैस पाइपलाइन की मुख्य सप्लाई बंद कराई गई। इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। सीओ दौराला प्रकाश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि फ्लैट मुरली सोलंकी के नाम पर है, जो मुंबई में रहते हैं। फ्लैट किराए पर दिया गया था। घटना की सूचना गेल कंपनी को दे दी गई है। गनीमत रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ।



## मुठभेड़ में चेन स्नेचर गिरफ्तार

**4 राज्यों में 250 से अधिक महिलाओं से की लूट, 28 केस है दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने तड़के लुटेरे वरुण उर्फ शेरू को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पैर में गोली मारकर उसे दबोचा। मौके से चोरी की बाइक, तमंचा और लूटी गई सोने की चेन बरामद हुई है। आरोपी हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक आरोपी और उसके साथी पर उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड में कुल 42 मुकदमे दर्ज हैं। यह गिरोह चार राज्यों में 250 से ज्यादा महिलाओं से चेन और कुंडल लूट चुका है।



### पुलिस पर की फायरिंग

सहायक पुलिस आयुक्त अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शालीमार गार्डन पुलिस लूट और स्नेचिंग की घटनाओं को लेकर चेकिंग अभियान चला रही थी। रात करीब 3 बजे डीएवी कट पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध युवक वजीराबाद रोड की तरफ से आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों भागने लगे। पीछा करने पर उनकी बाइक खेतान स्कूल ग्राउंड के पीछे प्रेम गली के पास फिसलकर गिर गई। इसके बाद दोनों बदमाश पैदल भागने लगे और पुलिस पर तमंचे से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने एक बदमाश के पैर में गोली मार दी, जबकि दूसरे को घेराबंदी कर पकड़ लिया।

सोनीपत का रहने वाला है घायल बदमाश

घायल बदमाश ने अपनी पहचान वरुण निवासी सेक्टर-12 सोनीपत हरियाणा के रूप में बताई। वहीं उसके साथी ने अपना नाम आमिर निवासी न्यू मुस्तफाबाद दिल्ली बताया। पुलिस ने घायल वरुण को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। दोनों आरोपी कई बार जेल जा चुके हैं। कार से जाते थे लूट करनेपूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे दिल्ली, पानीपत, सोनीपत, उत्तराखंड, गाजियाबाद और नोएडा में वारदात करने जाते थे। पुलिस चेकिंग से बचने के लिए दोनों कार का इस्तेमाल करते थे। आरोपियों के मुताबिक वे पहले कार को किसी पार्किंग में खड़ी कर देते थे, फिर उसी इलाके से चोरी की बाइक उठाते थे। इसके बाद हेलमेट लगाकर महिलाओं से सोने की चेन और कुंडल लूटते थे। वारदात के बाद बदल लेते थे कपड़ेलूट के बाद दोनों आरोपी रास्ते में ही कपड़े बदल लेते थे ताकि पहचान छिपी रहे।

## सविता गैस एजेंसी पर ग्राहकों का हंगामा, पुलिस पहुंची

**लोग बोले- निश्चित तारीख पर सिलेंडर की नहीं की जा रही डिलीवरी, ब्लैक का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , सूरजकुंड स्थित गैस एजेंसी पर सुबह हंगामा हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और नाराज लोगों को शांत किया। लोगों का आरोप था कि पिछले 10 दिन से वह सिलेंडर के लिए भटक रहे हैं लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सूरजकुंड पर सविता गैस एजेंसी है। सुबह से ही यहां लोगों की भीड़ जमा थी। देखते ही देखते कतार बढ़ती चली गई। तभी किसी ने वहां बुकिंग न करने का शोर मचा दिया। इसके बाद लोगों का गुस्सा बढ़ गया और उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया। इसकी सूचना पाकर थाने की फेंटम पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से बात की।



### लोगों का आरोप– ब्लैक कर रहे सिलेंडर

एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंचे लोगों का आरोप था की एजेंसी उनके सिलेंडर ब्लैक कर रही है। कुछ ग्राहकों को नहीं बताया कि उन्होंने जब गैस बुक की थी तो उनके मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज आया था। जो तारीख दे रखी थी उससे एक सप्ताह ऊपर निकल चुका है लेकिन गैस घर नहीं पहुंची। अब वह शिकायत लेकर एजेंसी पर आ रहे हैं तो यहां भी सुनवाई नहीं हो रही है।

### 125 से ज्यादा नहीं बाटते सिलेंडर

कुछ ग्राहकों ने बताया कि एजेंसी के ऑफिस पर आने के बाद उन्हें गोदाम पर भेजा गया। जब तक वहां पहुंचे तब तक सिलेंडर खत्म होने का बोर्ड लगा दिया। कई दिन परेशान होने के बाद पता चला कि एक दिन में एजेंसी केवल 125 ग्राहकों को ही सिलेंडर दे रही है। एक ज्यादा ग्राहक होते ही उसे वापस लौटा दिया जाता है।एजेंसी पर लगी सिलेंडरों की कतारदेखते ही देखते एजेंसी पर गैस सिलेंडरों की कतार लग गई। लोगों का गुस्सा थम नहीं रहा था। उनका कहना था कि अफसर भी उनकी परेशानी को नहीं समझ रहे हैं। जानबूझकर एजेंसी संचालक अब ग्राहकों को परेशान करने लगे हैं।

## एसी फटने से घर में लगी आग

**सामान जलकर राख, धुआं उठते देख लोगों ने भागकर बचाई जान**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के बीटा सेक्टर में रात एक मकान में एसी फटने से भीषण आग लग गई।इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर का लाखों का सामान जलकर राख हो गया। यह घटना बीटा 2 थाना क्षेत्र के सेक्टर बीटा 1 स्थित मकान नंबर ई-166 के फर्स्ट फ्लोर पर रात करीब सवा दस बजे हुई। यह मकान अमित कुमार का बताया जा रहा है।एसी में हुए ब्लास्ट के बाद आग तेजी से फैली और देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही घर में मौजूद लोग तुरंत नीचे उतरकर सुरक्षित बाहर निकल आए। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी।सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ, हालांकि घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि बीटा 1 सेक्टर के फर्स्ट फ्लोर पर एक मकान में एसी ब्लास्ट के कारण आग लगी थी।

## 100 से ज्यादा बाइक चुराने वाले तीन गिरफ्तार

**चोरों के टारगेट पर नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद, 17 दो पहिया और 8 फोन बरामद**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , थाना फेज-1 पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों मिनकर अब तक 100 से ज्यादा दो पहिया वाहन चोरी कर चुके है। पुलिस ने इनके कब्जे से 17 चोरी की मोटरसाइकिल और स्कूटी, 8 चोरी व स्नैचिंग के मोबाइल फोन 3 अवैध चाकू बरामद किए हैं। इनकी गिरफ्तारी सेक्टर-8 एफ-95 के पास खाली प्लॉट से की गई। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि इनके नाम सूरज उर्फ चीढ़ा, अनिल कुमार उर्फ गोलू और सुशील मिश्रा उर्फ बाबा के रूप में हुई है। तीनों आरोपी नोएडा के छिजारसी के रहने वाले है। ये नोएडा, दिल्ली-एनसीआर की कॉलोनियों, सोसायटियों और फैक्ट्रियों की पहले रेकी करते थे। इसके बाद मौका देखकर बाइक और स्कूटी का लॉक तोड़कर चोरी कर लेते थे। चोरी के वाहनों को कुछ दिन अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखते है।सस्ते दामों पर बेचते बाइकइसके बाद सस्ते दामों में बेच दिया जाता था। आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल मोबाइल स्नैचिंग जैसी वारदातों में भी करते थे। इनके पास से बरामद 17 वाहनों में से 9 वाहन नोएडा और दिल्ली के विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों से संबंधित पाए गए हैं। इनमें फेज-1, सेक्टर-63, इंदिरापुरम, गाजीपुर, कालिंदी कुंज, मंडावली और चाणक्यपुरी समेत कई क्षेत्रों से चोरी हुई बाइक और स्कूटी शामिल हैंचीढ़ा पर 30 मुकदमे है दर्जपुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुख्य आरोपी सूरज उर्फ चीढ़ा पर नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली में वाहन चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट के करीब 30 मुकदमे दर्ज हैं।



## पिटाई से बचने के लिए युवक-युवती तीसरी मंजिल से कूदे

**मकान मालिक की बहू से था अवैध संबंध, पता चलने पर पति ने हॉकी से पीटा**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,एक युवक और युवती तीसरी मंजिल से कूद गए थे। इस दौरान युवक की मौत हो गई थी। वही, युवती का अभी दिल्ली में इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों के मोबाइल सीडीआर खंगाली तो मामले में नया मोड़ सामने आया। पुलिस के मुताबिक, युवक का मकान मालिक की बहू से अवैध संबंध था। बहू और बेटे ने युवक को घर बुलाया था। इसके बाद युवक अपनी एक दोस्त के साथ उसके घर पहुंचा। यहां मकान मालिक के बेटे ने हॉकी से युवक और युवती को पीटा। खुद को बचाने के लिए दोनों तीसरी मंजिल से नीचे कूद गए। युवक सीधे नीचे गिरा जाकर और उसकी मौत हो गई। वहीं, युवती तारों में फंसकर नीचे गिरी, जिससे वह घायल हो गई। खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपी बहू-बेटे को गिरफ्तार किया है। चौड़ा रघुनाथ पुर गांव में रहने वाले हितेश राणा की पत्नी चंचल का पुनीत चौहान नाम के युवक से संबंध था। ये बात हितेश को पसंद नहीं थी। हितेश ने अपनी पत्नी चंचल से कॉल पुनीत को करवाई और घर बुलाया।पुनीत अपनी एक महिला दोस्त विद्या दास को लेकर हितेश के घर पहुंचा। यहां किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई।



# हर-घर-नल-हर-घर-जल योजना बनी मजाक, करोड़ों खर्च के बाद भी लोगों को नहीं मिल रहा पानी

**केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर उठे सवाल, जल्द हस्तक्षेप की मांग**

**अमन लेखनी समाचार**



गुरसरांय, झांसी)। केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी हर-घर-नल, हर-घर-जल योजना गुरसरांय नगर में विभागीय लापरवाही और कुप्रबंधन के चलते मजाक बनकर रह गई है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद नगर के अधिकांश लोगों को आज भी शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है। हालात यह हैं कि नगर की सड़कों को पाइपलाइन बिछाने के नाम पर खोदकर छोड़ दिया गया, लेकिन न तो सड़कें सही कराई गईं और न ही लोगों के घरों तक नियमित पानी पहुंच सका। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक नल से स्वच्छ जल पहुंचाने का दावा किया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। नगर के कई मोहल्लों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधूरा पड़ा है, कहीं लीकेज की समस्या है तो कहीं कम दबाव के कारण लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। जिन इलाकों में पानी की आपूर्ति हो भी रही है वहां लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि घरों के बाहर लगे नलों से पानी गिरने के बजाय केवल टपकता है। महिलाएं और बच्चे लंबे समय तक बाल्टी लेकर नलों के पास बैठे रहते हैं ताकि थोड़ा-बहुत पानी भर सकें। नगर के करीब 75 प्रतिशत लोगों को यह योजना राहत देने में अब तक विफल साबित हुई है। योजना के तहत पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों को खोद दिया गया, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उनकी मरम्मत नहीं कराई गई। हल्की बारिश में सड़कें दलदल में बदल जाती हैं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन दुपहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। नगर के मोहल्ला पटकाना, परकोटा, बाजार, धनाई सहित कई क्षेत्रों में समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला।

### क्या प्रोजेक्ट मैनेजर ने भी खड़े कर दिए हाथ?

जियो मिलर कंपनी के गुरसरांय क्षेत्र के प्रोजेक्ट मैनेजर कुश शाह से वार्ड नंबर 23 के निवासी कुलदीप सिंह मोनू ने शिकायत करते हुए बताया कि साहब सिंह के मकान से मुन्ना सिंह सेंगर के रास्ते तक कई महीनों से पानी नहीं आ रहा है, जिससे भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं। इस पर प्रोजेक्ट मैनेजर ने 11 मई को बताया कि उन्होंने कई बार ठेकेदार से लाइन सुधारकर पानी चालू कराने को कहा, लेकिन ठेकेदार उनकी बात नहीं सुन रहा। इससे साफ प्रतीत होता है कि व्यवस्था सुधारने में कंपनी प्रबंधन भी असहाय नजर आ रहा है। नगर के अधिकांश वार्डों में इसी प्रकार की स्थिति बनी हुई है। जनता लगातार शिकायतें कर रही है, लेकिन न तो विभाग कार्रवाई कर रहा है और न ही जिम्मेदार अधिकारी समस्या का स्थायी समाधान निकाल पा रहे हैं। लोगों ने जिला प्रशासन और शासन से मांग की है कि जनहित को देखते हुए इस योजना की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा जल्द से जल्द पेयजल व्यवस्था सुचारु कराई जाए।

# बढौली चौराहे पर ऑटो- टोटो का तांडव, दिनभर रेंगता रहता है ट्रैफिक

**जिम्मेदार बेखबर, जाम से त्रस्त रही आम जनता; कार्रवाई की मांग तेज**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। जिले के व्यस्ततम इलाकों में शामिल बढौली चौराहा इन दिनों भीषण ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहा है। सड़क पर बेतरतीब खड़े ऑटो और ई-रिक्शाओं के कारण शनिवार को पूरे दिन यातायात व्यवस्था चरमराई रही। हालात ऐसे बन गए कि राहगीरों, स्कूली बच्चों, मरीजों और नौकरीपेशा लोगों को घंटों जाम में फंसकर भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के मुताबिक चौराहे पर ऑटो और टोटो चालकों की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है। सवारी बैठाने और भरने के चक्कर में चालक सड़क के बीचों- बीच वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे चारों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। खासकर सुबह और शाम के समय स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जब स्कूल, बाजार और दफ्तरों की आवाजाही एक साथ बढ़ जाती है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था नाममात्र की रह गई है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद न तो अवैध स्टैंड हटाए गए और न ही वाहनों के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था बनाई गई। लोगों का आरोप है कि ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी के बावजूद नियमों का खुलेआम उल्लंघन होता है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से ऑटो चालकों के हौसले बुलंद हैं। व्यापारियों ने बताया कि लगातार लगने वाले जाम का असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। ग्राहक बाजार आने से बच रहे हैं, वहीं सड़क किनारे दुकानदारों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई बार एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बढौली चौराहे पर स्थायी ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जाए, ऑटो और ई-रिक्शा के लिए निर्धारित स्टैंड का सख्ती से पालन कराया जाए तथा नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

**खास समाचार**

# मंदिर के सामने कई दिनों से पड़ा मृत गौवंश, जिम्मेदार अनजान

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। विकास खंड टोंडरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत कपूरपुर वहोरन मजरा बरौनियां में स्थित बालाजी मंदिर के सामने कई दिनों से मृत गौवंश पड़े होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मंदिर पुजारी रामगोपाल त्रिपाठी ने बताया कि मृत पशु से उठ रही दुर्गंध के कारण आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है, जिससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं व ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मामले की सूचना संबंधित जिम्मेदार व पंचायत कर्मियों को कई बार दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। लापरवाही के चलते संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी हुई है। मंदिर परिसर के पास मृत गौवंश पड़े रहने से लोगों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द मृत पशु को हटवाने तथा संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, कई थाना प्रभारियों के तबादले

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कई थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों के तबादले किए गए हैं। जारी सूची के अनुसार निरीक्षक सतीश चन्द्र को थाना अतरौली से थाना बेनीगंज का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं निरीक्षक मार्कण्डेय सिंह को बेनीगंज से बेहटा गोकुल भेजा गया है। निरीक्षक राकेश सिंह यादव को लोनार से पचदेवरा थाना प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक इख्तियार हुसैन को टड़ियावां थाने का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि मनोज कुमार सिंह को गैंगस्टर प्रकोष्ठ से अतरौली थाना भेजा गया है। इसके अलावा उपनिरीक्षक सुनील कुमार मिश्रा को सुरसा से लोनार थानाध्यक्ष बनाया गया है। उपनिरीक्षक विश्वास शर्मा को रेलवेगंज चौकी प्रभारी से सुरसा थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र गिरी को बेहटा गोकुल से पुलिस लाइन भेजा गया है। वहीं उपनिरीक्षक शिव नारायण सिंह को पुलिस लाइन से रेलवेगंज चौकी प्रभारी, कोतवाली शहर नियुक्त किया गया है।

# मुठभेड़ के बाद शातिर चोर गिरफ्तार

**पैर में गोली लगने से घायल**

**पिहानी कस्बे में तीन घरों में चोरी के बाद पुलिस से हुई मुठभेड़**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। पिहानी कस्बे के मोहल्ला कोट कला निवासी आसिफ को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पिहानी क्षेत्र में तीन घरों में चोरी कर लाखों रुपये की नकदी और जेवरात पार करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक, चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए टीम लगातार दबिश दे रही थी। इसी दौरान संदिग्ध की घेराबंदी की गई तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल आरोपी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान और अवैध तमंचा बरामद करने का दावा किया है। घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# विश्व थैलेसीमिया दिवस एवं मातृ दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**ऊमर-ओमर वैश्य परिषद एवं विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में 15 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया**

**अमन लेखनी समाचार**



मीरजापुर, विश्व थैलेसीमिया दिवस एवं मातृ दिवस के उपलक्ष्य में नारघाट (काली मंदिर के बगल में) स्थित श्याम उत्सव वाटिका में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ऊमर-ओमर वैश्य परिषद एवं विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर के अंतर्गत 21 रक्तदाताओ ने रक्तदान के लिए पंजीयन कराया और स्वास्थ्य परीक्षण एवं काउंसिलिंग के पश्चात 15 रक्तदाताओ ने रक्तदान कर समाज में अपना विशिष्ट योगदान दिया। रक्तदान करने वालों में शिवम साहू, जितेन्द्र कुमार, प्रधुम्न गुप्ता, प्रत्युष गुप्ता, शुभम गुप्ता, रिषभ मेहरोत्रा, विभुम गुप्ता, अमित कुमार प्रजापति, राकेश कुमार गुप्ता, नीतिश गुप्ता, सिद्वार्थ वर्मा, आशीष जायसवाल, कुलप्रीत सिंह, लवकुश कुमार, शुभम कुमार सम्मिलित रहें। गौरव केसरी,पवन कुमार गुप्ता,गौरव जायसवाल, प्रज्ञा, रुचि तिवारी, कार्तिक गुप्ता स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात विविध कारणो से रक्तदान नही कर सके। कार्यक्रम आयोजको ने इनके प्रयास की सराहना करते हुए आशा जताया कि अगली बार आप रक्तदान करने में अवश्य सफल होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम संयोजक एवं श्याम उत्सव वाटिका के संचालक विनोद कुमार गुप्ता संग ऊमर-ओमर वैश्य परिषद के अध्यक्ष आनन्द कुमार गुप्ता एवं विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी द्वारा भगवान श्री गणेश जी एवं भगवान श्रीकृष्ण जी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान ऊमर-ओमर वैश्य परिषद के तरफ से राधेश्याम गुप्ता,विभूम गुप्ता, अजय गुप्ता, रवि कांत गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, डिंपल गुप्ता, ज्योति गुप्ता विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से उपाध्यक्ष शिव कुमार शुक्ल, सचिव अभिषेक साहू संग कीरत सिंह डंग, आकाश तिवारी, विनय कुमार, मोहित सिंह इत्यादि उपस्थित रहें। मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर की तरफ से डॉ विनोद कुमार कन्नौजिया, काउंसलर माला सिंह, जनसंपर्क अधिकारी रामकुमार गुप्ता ,सहित प्रवेश, अमित, प्रदीप, मनीष, विनोद इत्यादि उपस्थित रहें।

# बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबे मासूम भाई-बहन, ईंट भट्ठे पर पसरा मातम

**लोनार क्षेत्र के चिमना गांव स्थित ईट भट्ठे पर दर्दनाक हादसा, मजदूर परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। थाना लोनार क्षेत्र के ग्राम चिमना स्थित एक ईंट भट्ठे पर शनिवार को उस वक्त कोहराम मच गया, जब बारिश का पानी निकालने के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में डूबकर दो मासूम भाई-बहन की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे भट्ठे पर मातम पसरा रहा और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के अनुसार, ईंट भट्ठे पर पथाई का कार्य करने वाले इरशाद खान पुत्र अशफाक खान निवासी अमीनगर थाना मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी अपने परिवार के साथ भट्ठे पर रहकर मजदूरी करते हैं। शनिवार को उनके 07 वर्षीय पुत्र और 09 वर्षीय पुत्री खेलते-खेलते उस गड्ढे के पास पहुंच गए, जिसमें बारिश का पानी भरा हुआ था। इसी दौरान दोनों मासूम पानी में डूब गए। काफी देर तक बच्चों के नजर न आने पर परिजनों और आसपास मौजूद लोगों ने तलाश शुरू की। कुछ देर बाद दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। हादसे के बाद ईंट भट्ठे पर काम कर रहे मजदूरों में भी शोक का माहौल है। क्षेत्राधिकारी हरपालपुर श्री सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों बच्चों की पानी में डूबने से मौत हुई है। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सोनभद्र में बच्चों ने मदर्स डे को हर्षोल्लास के साथ किया सेलीब्रेट

सोनभद्र। परमहंस पब्लिक स्कूल एवं पंडित विद्याधर इण्टर कॉलेज कबरी सोनभद्र के बच्चों ने 'मदर्स डे' पर रविवार को हर्षोल्लास के साथ सेलीब्रेट किया बच्चे अपनी -अपनी माताओं का चित्र विद्यालय में लाकर आदर पूर्वक सम्मान दिया। जहां अभिनय के माध्यम से मां का बच्चों के प्रति प्यार दुलार को दशार्या, वहीं दूसरी तरफ बच्चों ने भी अपने अभिनय के द्वारा मां के प्रति प्रेम को प्रकट किया। प्रबंधक डॉक्टर धर्मवीर तिवारी ने बताया कि मदर्स डे के अवसर पर विभिन्न आयोजन किया गया। बच्चों के साथ ही अध्यापक/अध्यापिकाओं ने भी अपने अभिव्यक्ति के माध्यम से मां के प्रति बच्चों के कर्तव्य का बोध कराया। इस प्रकार के एक्टिविटीज के माध्यम से मां तथा बच्चों के बीच सम्बन्ध को प्रगाढ़ करने का सफल प्रयास किया गया।

# बस्ती में खुला मिठास एवं फैमिली रेस्टोरेंट

**स्वादिष्ट भोजन और लग्जरी सुविधाएं**

**अमन लेखनी समाचार**




बस्ती। शहर के बड़ेवन क्षेत्र स्थित बांसी रोड पर आज होटल मिठास एवं फैमिली रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, समाजसेवी एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने फीता काटकर होटल का शुभारंभ किया और नई शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं। होटल के संचालक सुजीत चौधरी ने बताया कि होटल मिठास एवं फैमिली रेस्टोरेंट का उद्देश्य लोगों को बेहतर आवास, स्वादिष्ट भोजन और पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में यात्रियों और परिवारों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक स्थान की आवश्यकता होती है। इसी सोच के साथ होटल को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है ताकि यहां आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि होटल में सिंगल बेडरूम, डबल बेडरूम तथा डॉरमेट्री जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा कांफ्रेंस हॉल की भी विशेष व्यवस्था की गई है, जहां सामाजिक कार्यक्रम, मीटिंग, सेमिनार तथा छोटे-बड़े आयोजनों का संचालन आसानी से किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि होटल में साफ-सफाई और ग्राहकों की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सुजीत चौधरी ने कहा कि होटल के रेस्टोरेंट में शुद्ध एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यहां भारतीय व्यंजनों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के पारिवारिक फूड आइटम भी ग्राहकों को परोसे जाएंगे। उन्होंने कहा कि परिवारों के लिए शांत एवं बेहतर वातावरण तैयार किया गया है, जिससे लोग यहां आकर आरामदायक अनुभव प्राप्त कर सकें। उद्घाटन समारोह के दौरान मौजूद अतिथियों ने होटल की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि बड़ेवन एवं बांसी रोड क्षेत्र में इस प्रकार की आधुनिक सुविधाओं वाले होटल और फैमिली रेस्टोरेंट की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। होटल मिठास के शुरू होने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आने वाले यात्रियों को भी काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में आए लोगों ने होटल के कमरों, रेस्टोरेंट एवं कांफ्रेंस हॉल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उद्घाटन के अवसर पर अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया तथा सभी के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। स्थानीय व्यापारियों ने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठानों के खुलने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। लोगों ने होटल संचालक को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि होटल मिठास अपने बेहतर सेवा भाव और गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं के कारण क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा।

# लिटिल फ्लॉवर्स स्कूल में सुमधुर फाउन्डेशन टेस्ट सीरीज शुरू

**9 से 12 तक के छात्रों के प्रतियोगी परीक्षा का मार्ग प्रशस्त-सुरेन्द्र प्रताप सिंह**

**पढाई के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी से समृद्ध होंगे छात्र-अपर्णा सिंह**

**अमन लेखनी समाचार**

बस्ती। लिटिल फ्लॉवर्स स्कूल सुरेंद्रनगर कटरा में शिक्षा नवाचार और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सुमधुर फाउंडेशन टेस्ट सीरीज का शुभारंभ किया गया। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। परीक्षा समाप्ति के पश्चात परीक्षा कक्ष से बाहर निकलते समय छात्र-छात्राओं के अंदर उत्साह व उनके चेहरे पर मुस्कान झलक रही थी। परीक्षा के पश्चात संवाद स्थापित करते हुए विद्यार्थियों ने कहा कि इस परीक्षा से हम लोगों को एक नई दिशा मिलेगी जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए हमारा मार्ग प्रशस्त होगा। सुमधुर फाउंडेशन टेस्ट सीरीज के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए विद्यालय के प्रबंधक सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सुमधुर फाउंडेशन का उद्देश्य सभी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है क्योंकि, आज प्रतियोगी परीक्षाओं का ही दौर चल रहा है। इस टेस्ट सीरीज की विशेषताओं के बारे में बताते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती अपर्णा सिंह ने बताया कि यह टेस्ट सीरीज प्रतियोगी परीक्षाओं पर आधारित होगी जो विद्यालय के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए महीने में दो बार निशुल्क प्रदान की जाएगी। अब बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे एन .टी.एस.ई. ,जे.ई.ई.,नीट इत्यादि की तैयारी के लिए शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। विद्यालय में बच्चों के लिए एकेडमिक के साथ-साथ फाउंडेशन की कक्षाएं भी संचालित की जाएगी और समय-समय पर उनका मार्गदर्शन करते हुए टेस्ट सीरीज के माध्यम से उनकी योग्यताओं का मूल्यांकन किया जाएगा तथा रैंक निकालकर अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। जिससे वह अपनी कमियों को सुधार कर भविष्य मैं सफलता की ओर आगे बढ़ सके। सुमधुर फाउंडेशन टेस्ट सीरीज के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय के निर्देशक राहुल सिंह ने कहा कि ह्यमेरा यह सपना है कि मैं समाज में उन बच्चों के लिए कुछ ऐसा करूं जिससे जो बच्चे कक्षा दसवीं के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे - एन .टी.एस.ई.,नीट.,जेई.की तैयारी के लिए शहर छोड़ कर बाहर चले जाते हैं तथा उनके अभिभावकों को भारी भरकम शुल्क जमा करना पड़ता है और परिणाम भी अपेक्षित नहीं आते ऐसे में सुमधुर फाउंडेशन टेस्ट सीरीज के माध्यम से बच्चो को भविष्यगत परीक्षाओं का ज्ञान हो, वे प्रश्न पत्रों को सुगमता से समझे और भविष्य में लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें। यही हमारा उद्देश्य है कि शहर के छात्र-छात्राओं के पलायन को रोका जाए ,उन्हें सही मार्गदर्शन कराया जाए और उनके माता-पिता के सपनों को साकार किया जाए। कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में मजबूत नीव ही सफलता की कुंजी है। सुमधुर फाउंडेशन सीरीज विद्यार्थियों को केवल परीक्षा केंद्रित तैयारी ही नहीं बल्कि उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में भी सहायता प्रदान करेगी। इस श्रृंखला के माध्यम से प्रतिभागियों को नवीनतम पाठ्यक्रम अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन तथा तकनीकी आधारित शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है.पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# बीडीसी संघ में संगठन विस्तार, पुष्पा राजावत बनीं प्रदेश अध्यक्ष

**अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव**



झांसी। बुंदेलखंड बीडीसी संघ द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। संघ की ओर से जारी मनोनयन पत्र में श्रीमती पुष्पा राजावत को बुंदेलखंड इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि राघवेंद्र नगायच को झांसी मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संघ पदाधिकारियों के अनुसार पुष्पा राजावत लंबे समय से संगठन से जुड़ी हुई हैं और सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। उनकी कार्यशैली और अनुभव को देखते हुए सर्वसम्मति से उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं राघवेंद्र नगायच को भी संगठन विस्तार और कार्यकताओं को जोड़ने में सक्रिय योगदान के चलते झांसी मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। संगठन ने दोनों पदाधिकारियों से क्षेत्रीय स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की अपेक्षा जताई है। मनोनयन के बाद पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पुष्पा राजावत का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। संगठन की ओर से बताया गया कि यह नियुक्तियां संगठन विस्तार और नए कार्यकताओं को जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## लाला अमरनाथ की जिंदगी से प्रेरित कहानी पर बनेगी फिल्म

**मुंबई।** कुछ फिल्में सिर्फ फिल्में नहीं होतीं, वो लोगों की यादों का हिस्सा बन जाती हैं। लगान भी ऐसी ही एक फिल्म है। आज भी जब क्रिकेट मैच में 'बार-बार हां'जैसा गाना सुनाई देता है, तो लोगों को लगान की याद आ जाती है। अब आमिर खान और आशुतोष गोवारिकर एक बार फिर ऐसी फिल्म के साथ वापसी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों एक नई क्रिकेट बेस्ड फिल्म पर काम कर रहे हैं, जो भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी लाला अमरनाथ की जिंदगी से प्रेरित होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट पर तेजी से काम चल रहा है और इसकी शूटिंग सितंबर 2026 से शुरू हो सकती है। इस बार कहानी पूरी तरह अलग होगी। जहां लगान एक काल्पनिक कहानी थी।

लाइफ Style

# दिशा

## द पोर्टल ऑफ फोर्स में आएंगी नजर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

दिशा पाटनी अब हॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। उनकी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें उनका किरदार शानदार है। उन्होंने फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को भी बताया है। भारत की कई अभिनेत्रियों ने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय किया है।

इस कड़ी में नया नाम दिशा पाटनी का जुड़ने वाला है। अभिनेत्री हॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। वह फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आने वाली हैं। इसमें वह जेसिका का रोल करेंगी। उनका कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उन्हें अपनी एक्टिंग स्किल्स को बड़े पैमाने पर एक्सप्लोर करने का मौका मिला है। बताया जाता है कि यह फिल्म 'स्टैटीगॉड्र्स होलीगॉड्र्स सागा' की पहली फिल्म है। यह सुपरनैचुरल एक्शन-थ्रिलर है। इस फिल्म का निर्देशन केविन स्पेसी ने किया है। 20 साल से ज्यादा समय बाद वे इस फिल्म से निर्देशन में वापसी कर रहे हैं। दिशा पाटनी ने बताया कि एक इंटरनेशनल फिल्म में काम करने का अनुभव उनके लिए रोमांचक और डरावना रहा। उन्होंने कहा 'मैं इस बेहद खास प्रोजेक्ट के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। अपने पहले इंटरनेशनल प्रोजेक्ट में कदम रखना मेरे लिए रोमांचक और डरावना दोनों था। अपनी एक्टिंग स्किल्स को एक्सप्लोर करने का बड़ा मौका था। अनुभवी और अलग-अलग तरह के कलाकारों के साथ काम करना अपने आप में एक सीखने का अनुभव था।' उन्होंने आगे कहा, 'स्क्रीन पर ईमानदारी हर जगह एक जैसी होती है।



हॉलीवुड मसाला



## यौन उत्पीड़न केस हुआ खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर विल स्मिथ को बड़ी राहत मिली है। 57 साल के सुपरस्टार से जुड़े यौन उत्पीड़न केस को कैलिफोर्निया की एक अदालत ने खारिज कर दिया है। यह मामला विल स्मिथ की 2025 की टूर टीम से जुड़ा था, जिसमें उन पर सेक्सुअल हैरसमेंट और गलत तरीके से नौकरी से निकालने का आरोप लगा था। मेन इन ब्लैक' और द परस्यूट ऑफ हैप्पीनेस के एक्टर पर एक वायलिन बजाने वाले म्यूजिशियन ने ये संगीन आरोप लगाए थे। बीते साल इस केस को लेकर विल स्मिथ की सोशल मीडिया पर खूब खींचतान हुई थी।




## द डेविल वियर्स प्राडा का बनेगा तीसरा पार्ट

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है। भारत में भी यह फिल्म करोड़ों रुपये में कमाई कर रही है। इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों को लगभग 20 साल का इंतजार करना पड़ा। वहीं, डायरेक्टर डेविड फ्रैंकल 'द डेविल वियर्स प्राडा 3' बनने की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। हाल ही में डेविड फ्रैंकल ने कहा, 'देखिए, हमें यह फिल्म बनाने में 20 साल लग गए। जबकि मैंने कहा था कि अब कभी नहीं। फिर भी हम यहां पर हैं। इसलिए मैं दोबारा यह नहीं कहूंगा कि 'अब कभी नहीं'। देखते हैं कि आगे क्या होता है। अगर किरदारों के साथ दोबारा जुड़ने और इन शानदार एक्टर्स के साथ कुछ महीने बिताने का मौका मिला तो मुझे बहुत खुशी होगी।' इस तरह से कहीं ना कहीं फिल्ममेकर डेविड ने फिल्म के पार्ट 3 को लेकर हिंट दिया है।



## सारा ने श्रेया के साथ शेयर किया फनी वीडियो

**मुंबई।** सारा अली खान ने रविवार इंस्टाग्राम पर गायिका श्रेया घोषाल के साथ एक फनी वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के साथ सारा ने एक शायरी भी लिखी है। सारा ने लिखा- 'सारा ने गाना गाया, श्रेया मैम के रूह को सताया, फिर उन्हें हमने थोड़ा साइड हटाया और अनमोल कला का मतलब बताया'। सारा के इस मजेदार वीडियो पर श्रेया घोषाल ने कमेंट किया है। श्रेया ने लिखा, 'तुम बहुत प्यारी हो सारा अली खान। तुम्हारे साथ कितना मजा आया।' सारा की इस पोस्ट पर रकुल प्रीत ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। वहीं सारा के फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आया। एक फैन ने लिखा, वाह सारा तुमने कमाल कर दिया। दूसरे ने लिखा, 'बहुत ही शानदार, दोनों महिलाएं बेहद खूबसूरत लग रही हैं'।



## सोनम ने दूसरे बेटे की दिखाई झलक...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सोनम कपूर और उनके पति आनंद आहूजा ने अपने दूसरे बेटे के नाम की घोषणा रविवार को कर दी है। सोनम ने 29 अप्रैल को अपने दूसरे बेटे को जन्म दिया था। जन्म के लगभग 11 दिन बाद कपल ने सोशल मीडिया पर अपने नवजात के नाम के बारे में जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने नाम के पीछे छिपे आध्यात्मिक अर्थ के बारे में भी बताया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर दो फैमिली पिक्चर शेयर की हैं। इनमें सोनम और आनंद के साथ उनके दोनों बेटे नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही कपल ने अपने नवजात बेटे की झलक भी दिखाई है। हालांकि, दोनों ही बेटों के चेहरे को तस्वीरों में नहीं दिखाया है। इन तस्वीरों के साथ ही सोनम ने कैप्शन में एक लंबा सा नोट लिखा है। इसमें उन्होंने बताया कि कपल ने अपने दूसरे बेटे का नाम रुद्रलोक रखा है।

टीवी मसाला




## शिल्पा करेंगी कॉमेडी कुकिंग शो 'मां है ना' को होस्ट...

**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बतौर होस्ट एक शो की कमान संभालने वाली हैं। वे कॉमेडी कुकिंग शो होस्ट करेंगी, जिसमें जेन-जी सेलेब्स अपनी मां के साथ हिस्सा लेंगे। इस शो का नाम है- 'मां है ना'। 10 एपिसोड की यह नॉन-फिक्शन सीरीज छह जेन जेड सेलेब्रिटीज और उनकी मांओं को एक साथ लाएगी। यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगा। जी-5 ने रविवार को शो की घोषणा की है। इसमें जेन-जी सेलेब्स और उनकी मांओं के बीच कुकिंग चैलेंज, दिल को छू लेने वाली बातचीत और परिवार के बीच प्यार भरे पल देखने को मिलेंगे। शो' मां है ना' के जरिए रसोई के परिवेश के जरिए आधुनिक जेनेरेशन-Z के लाइफस्टाइल और पारंपरिक मैटरनल सूझबूझ के बीच टकराव देखने को मिलेगा, वह भी मजेदार अंदाज में। शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करके इस शो को लेकर अपडेट भी दिया है। उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'मैं एक नए शो के साथ वापस आ गई हूं! स्वाद, ड्रामा और मां का जजमेंट परोसते हुए... थोड़ा-सा मेसी, ढेर सारी मस्ती और एकदम जादू! मां है ना। जल्द आ रहा है, सिर्फ जी5 पर'। इस शो के प्रोड्यूसर्स निर्माताओं के अनुसार, यह शो इस बात पर फोकस करता है कि जब दो पीढ़ियों को एक-एक रेसिपी के जरिए सच में एक-दूसरे की बात सुननी पड़ती है, तो क्या होता है'? इस सीरीज में मां और बच्चों की जोड़ियां एक साथ खाना बनाते हुए गलतफहमी, दबाव, प्यार और फिर से मिले सुकून का सामना करती नजर आएंगी।

### मेरी जड़ें भारत में ही हैं : अविका

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'बालिका वधू' से लोकप्रिय होने वाली अभिनेत्री अविका गौर शादी के बाद अपने पति मिलिंद चंद्वानी के साथ बैंकॉक में शिफ्ट हो गई हैं। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने टेलीविजन या



फिल्मों से ब्रेक नहीं लिया है। वो अपना काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि ये कदम मिलिंद के लिए बेहतर अवसरों को देखते हुए उठाया गया है, जबकि उनके खुद के काम के सिलसिले में मुंबई से बाहर लंबे शेड्यूल तय किए गए हैं। अविका ने इस कदम के कारण प्रोजेक्ट छूटने की चिंताओं को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि काम आमतौर पर उनके शेड्यूल के अनुसार ही होता है और सहयोग आपसी प्रयासों पर निर्भर करता है। जब कोई मेरे साथ काम करना चाहता है, तो उसे यह प्रयास करना चाहिए। इंडस्ट्री के मेरे साथियों ने भी मेरे इस फैसले का समर्थन किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि भले ही मेरा ठिकाना अब विदेश में है, लेकिन मेरी जड़ें भारत में ही मजबूती से टिकी हैं। यहां मेरा परिवार रहता है।

## महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे अर्जुन-प्रीति ने की श्री हरमंदिर साहिब में सेवा

*बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल रविवार को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर की सुबह की भस्म आरती में हिस्सा लिया और पूजा-अर्चना की। इसी तरह से प्रीति जिंटा श्री हरमंदिर साहिब गईं, जहां उन्होंने सेवा की और आईपीएल 2026 के मौजूदा सीजन में पंजाब किंग्स की सफलता के लिए प्रार्थना की। एक बातचीत में एक्टर ने कहा, 'यह एक दैवीय बुलावा है, जो मुझे यहां खींच लाया है। मैंने सभी की शांति और तरक्की के लिए प्रार्थना की।'*





**मुंबई।** सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए एक्टर ने 'मदर्स डे' के मौके पर सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'धन्य महसूस कर रहा हूं, हैप्पी संडे, हैप्पी मदर्स डे, दुनिया भर की सभी मांओं के लिए प्रार्थना की है।' रामपाल ने अपनी इस यात्रा के कुछ पल सोशल मीडिया पर भी शेयर किए। उन्होंने एक सेल्फी पोस्ट की जिसमें वह पारंपरिक केसरिया और गहरे लाल रंग का कपड़ा पहना है। इस पर वैदिक मंत्र लिखे हुए थे। इस बीच प्रीति जिंटा रविवार को श्री हरमंदिर साहिब गईं। बॉलीवुड अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालकिन अमृतसर में मौजूद इस तीर्थस्थल पर पीले रंग का सूट पहनकर और सिर ढककर पहुंचीं। यहां प्रीति ने मीडिया से कहा 'बस बाबा जी ने बुलाया तो मैं आ गई। पंजाबी टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मुझे उम्मीद है कि वे सभी मैच जीतेंगे। हमें बहुत प्यार मिल रहा है।'

## पांच साल बाद लौटेगी मनी हाइस्ट की प्रोफेसर एंड कंपनी

**नई दिल्ली।** स्पेनिश वेब सीरीज मनी हाइस्ट सिनेमा जगत की सबसे लोकप्रिय सीरीज फ्रेंचाइज में से एक है। अपने पांच सीजन तक दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली मनी हाइस्ट का आखिरी सीजन 5 साल पहले फेमस ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। प्रोफेसर एंड कंपनी की आखिरी झलक सिनेप्रेमियों को उसी दौरान देखने को मिली थी। लेकिन, अब लग रहा है कि मेकर्स ने मनी हाइस्ट के छठे सीजन की भी तैयारी कर ली है और रविवार को इसको लेकर एक बड़ा पोस्ट भी शेयर किया है। संडे को नेटफ्लिक्स ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक लेटेस्ट ट्वीट शेयर किया है। इस ट्वीट में मनी हाइस्ट का एक टीजर शामिल है, जिसमें पिछले पांच सीजनों का एक मोनटाज वीडियो मौजूद है। ट्वीट के कैप्शन में लिखा है- क्रांति अभी खत्म नहीं हुई है। 'ला कासा दे पापेल की दुनिया जारी है...इस ट्वीट ये साफ लग रहा है कि आने वाले समय में नेटफ्लिक्स पर मनी हाइस्ट का छठा सीजन स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, ट्वीट में सीजन 6 का जिक्र नहीं किया गया है, लेकिन इसका इशारा साफतौर पर फ्रेंचाइज की



अगली किस्त की तरफ ही जाता हुआ नजर आ रहा है। कुल मिलाकर कहा जाए तो मनी हाइस्ट सीरीज से जुड़ी इस अनाउंसमेंट के बाद सिनेप्रेमियों की एक्साइटमेंड सातवें आसमान पर पहुंच गई है और हर कोई इसके लिए बेताब नजर आ रहा है। आपको बता दें कि मनी हाइस्ट एक स्पेनिश भाषा की क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एक प्रोफेसर अपनी टीम बनाता है और चेहरे पर जोकर का मास्क लगाकार बैंक और अन्य जगहों से डकैती को अंजाम दिलवाता है। स्पैनिश के अलावा इस सीरीज को हिंदी सहित अन्य कई भाषाओं में भी काफी पसंद किया गया है।

### राजा शिवाजी' ने दिखाया दम, भूत बंगला की कमाई में भी उछाल

## सिनेमाघरों में वीकएंड पर चमकी कृष्णावतारम और दादी की शादी

*नई दिल्ली। सिनेमाघरों में लगी लगभग सभी फिल्मों ने वीकएंड पर अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि नई रिलीज हुई फिल्मों पर पुरानी फिल्में भारी पड़ी हैं। सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में रिलीज हुई हैं। इनमें नई फिल्में कृष्णावतारम पार्ट 1: हृदयम, दादी की शादी शामिल हैं। वीकएंड पर इन फिल्मों की कमाई बढ़ी है। वहीं, सिनेमाघरों में पहले से चल रही फिल्में जैसे राजा शिवाजी, एक दिन और भूत बंगला की कमाई में बढ़ोतरी देखी गई है।*

### राजा शिवाजी की कमाई



रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' की कमाई में वीकएंड पर उछाल आया है। शनिवार को इसने 5.60 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। शुक्रवार को इसने 3.20 करोड़ रुपए कमाए थे। इसका टोटल कलेक्शन 61.50 करोड़ रुपए हो गया है। इसमें जेनेलिया डिसूजा, सलमान खान, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और विद्या बालन हैं।

### कृष्णावतारम पार्ट 1 : हृदयम



भगवान कृष्ण पर आधारित फिल्म कृष्णावतारम पार्ट 1: हृदयम को रिलीज हुए तीन दिन हो चुके हैं। पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कुछ खास नहीं कर सकी। दूसरे दिन भी इसका कलेक्शन कम रहा। तीसरे दिन इसे वीकएंड का फायदा मिला। पहले दिन इसने 42 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। दूसरे दिन इसकी कमाई 1.15 करोड़ रुपए हुई। तीसरे दिन इसने 2.25 करोड़ रुपए कमाए थे।



### दादी की शादी

कॉमेडियन कपिल शर्मा की अदाकारी वाली फिल्म दादी की शादी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। वीकएंड पर इसके कलेक्शन में बढ़ोतरी हुई है। पहले दिन इसने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की। ओपनिंग डे पर इसका कलेक्शन 60 लाख रुपए रहा। दूसरे दिन इसकी कमाई 1.15 करोड़ रुपए हो गया। इसका कुल कलेक्शन 1.75 करोड़ रुपए हो गया है।

### एक दिन का कलेक्शन

साई पल्लवी और जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' ने शुक्रवार को सिर्फ पांच लाख रुपये का कलेक्शन किया है। रिलीज के बाद से ही इस फिल्म की कमाई कम हो रही है। यह बॉक्स ऑफिस की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। शनिवार को इसने सिर्फ 9 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। नौ दिनों में फिल्म का कुल कलेक्शन 4.14 करोड़ रुपए हो गया है।

### भूत बंगला और धुरंधर 2

अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' की कमाई में वीकएंड पर एक बार फिर उछाल आया है। शनिवार को इसने तीन करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। शुक्रवार को इसने 1.75 करोड़ रुपए कमाए थे। इसका कुल कलेक्शन 154.57 करोड़ रुपए हो चुका है। फिल्म 'धुरंधर 2' ने शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर 90 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसका कुल कलेक्शन 1141.99 करोड़ रुपए हो गया है।